प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



संभावित ख़तरे से बचने के लिए एनसीपी खोलेगी अपनी छतरी? पेज- 2

www.newswani.in

करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 175 मंगलवार 16 जून, 2026 डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में ऑपरेशन तूफान कारगर : रमेश चेन्निथला

(एजेंसी) त्रिशूर। केरल के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने सोमवार को कहा कि राज्य में मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन तूफान अभियान सफल हो रहा है। चेन्निथला ने लोगों से मादक



पदार्थों की समस्या से निपटने के इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज ने मादक पदार्थों की समस्या की गंभीरता को समझना शुरू कर दिया है और इस अभियान की सफलता के लिए लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, यह अभियान इसलिए सफल हो रहा है, क्योंकि समाज ने खुद यह मान लिया है कि मादक पदार्थों का इस्तेमाल आज हमारे सामने मौजूद सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। इस चुनौती से निपटने में हर किसी की भूमिका आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में केरल में मादक पदार्थों के इस्तेमाल और इसकी तस्करी के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, बहुत से युवा जान–बूझकर या अनजाने में मादक पदार्थों के जाल में फंस रहे हैं। ऑपरेशन तूफान का मकसद उन्हें इस खतरे से बचाना है। चेन्निथला ने कहा कि यह अभियान सिर्फ पुलिस की कार्रवाई से सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, पुलिस, आबकारी, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों के साथ–साथ अन्य सभी संबंधित क्षेत्रों को मिलकर काम करना होगा। इससे भी जरूरी बात यह है कि यह अभियान लोगों तक पहुंचे। इस पहल में किसी पार्टी की राजनीति नहीं है। युवा पीढ़ी को बचाने के इस बड़े मिशन में सभी को शामिल होना चाहिए।



## जंग खत्म हुई, अब खुशखबरी कब देंगे पीएम? पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर कांग्रेस का तंज

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म करने के लिए सहमति बनने के बाद अब सरकार को पेट्रोल, डीजल और दूसरे ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह सवाल भी किया कि क्या प्रधानमंत्री इसकी घोषणा फ्रांस से करेंगे या फिर देश लौटकर यह खुशखबरी देंगे? अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन तक जारी रहे युद्ध को समाप्त करने व होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमति बन गई है और दोनों देशों के बीच समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें बताया जा रहा था कि भारत की बेहाल अर्थव्यवस्था की वजह अमेरिका– ईरान की जंग है। हर महंगाई, हर गिरावट और हर परेशानी का दोष सरकार की नीतियों पर नहीं, पश्चिम एशिया के तनाव पर था। अब जब जंग खत्म हो गई है, तो मोदी जी का बहाना भी खत्म हो जाना चाहिए। उनका कहना है, कच्चे तेल के दाम कम होंगे। आपूर्ति श्रृंखला सामान्य होंगी। मांग स्थिर होगी। स्वाभाविक रूप से, इसका फायदा देश के ग्राहकों को भी मिलना चाहिए। मतलब यह कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी और एलएनजी के दामों में की गई बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, क्या इस खुशखबरी का ऐलान मोदी जी फ्रांस से ही करेंगे? या फिर देश को उनके वापस लौटने का इंतजार करना पड़ेगा?

## केरल में प्रियदर्शिनी योजना शुरू, महिलाओं और ट्रांसजेंडर को मुफ्त बस यात्रा

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार ने अपने प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करते हुए सोमवार को प्रियदर्शिनी योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत राज्यभर की साधारण रोडवेज बसों में महिलाएं और ट्रांसजेंडर मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री वी डी सतीशन ने यहां थम्पानूर रोडवजे बस टर्मिनल में आयोजित एक कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित कर इस महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की और कहा कि कामकाजी गरीब महिलाओं को इस पहल से काफी लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा परिवहन मंत्री सी.पी. जॉन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री केए तुलसी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद उन सभी ने महिला यात्रियों के साथ थम्पानूर बस स्टॉप से सचिवालय तक रोडवेज बस में सफर किया। उद्घाटन समारोह से पहले सुबह पेरुमथुरा जाने वाली एक बस को गुब्बारों से सजाकर थम्पानूर बस टर्मिनल पर लाया गया। इस मौके पर बस चलाने और टिकट वितरण का काम महिला कर्मचारियों ने ही संभाला। मुख्यमंत्री ने इससे पहले फेसबुक पर पोस्ट कर कहा, यह जनता से किए गए वादे को पूरा करने के लिए है। हालांकि, विपक्षी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इस समारोह से दूरी बनाए रखी और आरोप




लगाया कि सरकार ने पहले चरण में रियायत को केवल साधारण रोडवेज सेवाओं तक सीमित कर अपने चुनावी वादे को कमजोर कर दिया है। यह सुविधा राज्य परिवहन निगम द्वारा संचालित सभी 3,125 साधारण बसों में उपलब्ध होगी। सरकार ने कहा कि यह पहल उन महिलाओं और ट्रांसजेंडर पर आर्थिक बोझ कम करने के उद्देश्य से है जो काम, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं।

## क्या दीपक प्रकाश अब भी मंत्री हैं? सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार और ईसीआई को भेजा नोटिस

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश की मंत्री पद पर दोबारा नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और चुनाव आयोग को भेजे गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक रिट याचिका पर नोटिस जारी किए। इस याचिका में दीपक प्रकाश को बिना विधायक चुने बिहार का पंचायती राज मंत्री दोबारा बनाए जाने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता राकेश कुमार सिंह का तर्क है कि दीपक प्रकाश विधानसभा या विधान परिषद के सदस्य नहीं हैं, इसलिए राज्य सरकार के मंत्रालय में कोई पद नहीं संभाल सकते। याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 164(4) के अनुसार, कोई व्यक्ति जो विधायक नहीं है, वह लगातार छह



महीने तक मंत्री रह सकता है, लेकिन इस दौरान उसे राज्य विधानमंडल की सदस्यता हासिल करनी होगी। यह छूट सिर्फ एक बार मिलने वाला मौका है और सरकार बदलने पर इसे दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। याचिका के अनुसार, प्रकाश को तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 20 नवंबर 2025 को मंत्री बनाया था, जबकि वे विधानसभा के सदस्य नहीं थे। 15 अप्रैल 2026 को नीतीश कुमार की सरकार गिर गई, जिससे मंत्रिपरिषद भंग हो गई। 22 दिनों के अंतराल के बाद 7 मई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने प्रकाश को फिर से मंत्री नियुक्त किया। 20 नवंबर 2025 को पहली नियुक्ति से दोबारा चुने जाने के लिए 6 महीने का समय 20 मई 2026 को खत्म हो गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि ऐसे में दोबारा नियुक्ति करके उन्हें अतिरिक्त समय देने की कोशिश की गई है। उन्होंने यह भी तर्क है कि बिना चुने गए व्यक्तियों को बार–बार मंत्री पद पर नियुक्त करने की अनुमति देने से संसदीय लोकतंत्र, प्रतिनिधि सरकार, सामूहिक जिम्मेदारी और चुनावी जवाबदेही के सिद्धांतों को नुकसान पहुंचेगा। सोमवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार, दीपक प्रकाश और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।

## दिलीप घोष बोले-नया दल बनाने से बातों को नहीं भूलेंगे लोग, बागी टीएमसी सांसदों के एनसीपीआई में विलय पर दिया जवाब

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मंत्री दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी सांसदों की लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात और एनसीपीआई में विलय की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नया दल बनाने से लोग उनकी बातों को नहीं भूल सकते हैं। मुलाकात पर मंत्री दिलीप घोष ने सोमवार सुबह मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, कोई भी सांसद स्पीकर से मिलकर अपनी बात रख सकता है। मुझे बातचीत के खास मकसद या डिटेल के बारे में पता नहीं है, लेकिन यह सच है कि बहुत कुछ चल रहा है। जब लिखित में जानकारी दी जाएगी और उसकी जांच होगी, तब स्पीकर कोई फैसला लेंगे। अगर उन्हें अलग पार्टी के तौर पर मान्यता मिलती है, तो उन्हें अलग बैठने का अधिकार होगा। हालांकि, यह सच है कि हर कोई टीएमसी छोड़ना चाहता



है। बागी सांसदों के गुट के नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के साथ विलय की चर्चाओं पर उन्होंने कहा, हम लोग पहले से बोल रहे हैं कि टीएमसी सत्ता से बाहर होते ही खत्म हो जाएगी। पार्टी के अंदर के लोग भी यह जानते थे कि जब तक टीएमसी सत्ता में पार्टी में रहेंगे, फिर अपना–अपना रास्ता देखेंगे। आज पार्षद से लेकर विधायक और सांसद सभी टीएमसी से अलग होना चाहते हैं। दिलीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिस तरह भ्रष्टाचार था और प्रशासन जिस तरह काम करता था, उससे पार्टी के लोगों में नाराजगी रही है। सिर्फ ममता बनर्जी की बात नहीं है। हमने सभी लोगों का व्यवहार देखा है कि ये लोग किस तरह बात करते थे। उन्होंने कहा, नया दल बनाने से लोग उनकी बातों को नहीं भूल सकते हैं। टीएमसी नेताओं पर बंगाल में अंडों से हमलों को लेकर दिलीप घोष ने कहा, कुछ सांसद विदेश में भी बैठे हैं, मगर वो जानते हैं कि उनके लिए भी अंडा खरीदकर रखा गया है। वे विदेश से बैठकर संदेश दे रहे हैं कि अगर कोई हमें अंडा मारेगा तो हम केस करेंगे। हालांकि, इतना है कि इन नेताओं में डर है और यह डर अच्छा है। इसके अलावा, अभिषेक बनर्जी से सीआईडी की पूछताछ के लिए समन पर दिलीप घोष ने कहा, उन्हें बार–बार जाना पड़ा है। वे पहले भी जा चुके हैं और अब सीआईडी उन्हें बुला रही है। ईडी भी नोटिस भेज रही है।

## स्लोवाकिया पहुचे पीएम मोदी, आजादी के बाद पहली बार किसी भारतीय पीएम का दौरा

(एजेंसी) ब्रातिस्लावा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में स्लोवाकिया पहुंचे जहां वह राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको से वार्ता करेंगे तथा कारोबारी नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी, 1993 में स्लोवाकिया की स्वतंत्रता के बाद वहां जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। रविवार रात स्लोवाकिया पहुंचने के बाद मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, यह यात्रा भारत–स्लोवाकिया संबंधों को और गहरा करने तथा सहयोग के नए रास्ते तलाशने का अवसर देती है। राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ सार्थक बैठकों का इंतजार है। प्रधानमंत्री फ्रांस के नीस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद ब्रातिस्लावा पहुंचे, जहां वह 14 से 16 जून तक रहेंगे। उन्होंने फ्रांस में इंडिया इनोवेट्स कार्यक्रम के उद्घाटन में भी भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, श्होटल पहुंचने पर विदेश एवं यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार ने स्लोवाक परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया। यात्रा से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, श्यह ऐतिहासिक यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों की मजबूत गति को आगे बढ़ाएगी। मैं राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ बातचीत के लिए उत्सुक हूं। स्लोवाकिया के कारोबारी नेताओं से भी मिलने का अवसर



मिलेगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी को और ऊर्जा देगी, जिसका स्लोवाकिया एक महत्वपूर्ण और मूल्यवान सदस्य है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल 2025 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की स्लोवाकिया यात्रा और फरवरी 2026 में स्लोवाक राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा हो रही है। वहीं पेलेग्रिनी ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, हम सोमवार को ब्रातिस्लावा में आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। आपकी यह ऐतिहासिक यात्रा नयी दिल्ली में हुई हमारी बातचीत को आगे बढ़ाएगी और स्लोवाकिया–भारत सहयोग के नए द्वार खोलेगी।

## नफरत खत्म करने का मौका देती है अमरनाथ यात्रा : महबूबा मुफ्ती

(एजेंसी) श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा करना कश्मीरियों का फर्ज है और यह बढ़ती नफरत एवं ध्रुवीकरण के इस दौर में सद्भाव बनाने का एक अवसर भी है। हिमालय की दक्षिण कश्मीर स्थित पर्वत शृंखला में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 57–दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा पहलगाम में स्थानीय आतिथ्य क्षेत्र के हितधारकों से मिलने पहुंचीं, जहां उन्होंने कहा, यात्रा पूरे भारत में नफरत खत्म करने का हमारा अवसर है। यात्रा की सुरक्षा करना हमारा फर्ज है, यह केवल सुरक्षाबलों की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा, अमरनाथ यात्रा पर आने वाला हर तीर्थयात्री कश्मीर का मेहमान है। वे हमारी धरती, हमारे लोगों और हमारी मेहमाननवाजी की कहानी भारत के कोने–कोने तक ले जाते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि वे हमारे स्नेह और मेहमाननवाजी की यादें लेकर जाएं। इसी से हम कश्मीर की आत्मा की रक्षा करते हैं और मुसलमानों के खिलाफ गढ़े गए झूठे विमर्श का जवाब देते हैं। महबूबा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की ही नहीं, बल्कि कश्मीर के हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, बढ़ती नफरत और ध्रुवीकरण के इस दौर में यात्रा को सद्भाव बनाने, इंसानी रिश्तों को मजबूत करने और पूरे भारत में दूरियां पाटने का अवसर बनना चाहिए। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि यात्री राजदूत की भूमिका निभाते हैं, जो कश्मीर में अपना अनुभव अपने घरों और समुदायों तक ले जाते हैं। उन्होंने कहा,




हर मुलाकात कश्मीर की आतिथ्य, करुणा और सह–अस्तित्व की परंपराओं को दिखाने का मौका है। कश्मीर और मुसलमानों के खिलाफ फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं और पूर्वाग्रहों का सबसे अच्छा जवाब सच्चे इंसानी संपर्क और हर तीर्थयात्री के दिल से किए गए स्वागत से दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर सफल यात्रा नफरत पर सद्भाव की जीत है।

# सम्पादकीय

## अखिलेश यादव का दावा

उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने अपने–अपने समीकरण साधने और चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी या फिर दोनों दल अलग–अलग मैदान में उतरेंगे। साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर भी तस्वीर साफ नहीं है। कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इस सबके बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एटा में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार से पूजनीय शंकराचार्य भी पीड़ित और दुखी हैं। वह इस सरकार से अपमानित महसूस कर रहे हैं। इसलिए वह भी पीडीए के हो गए हैं। इसलिए हम उनके साथ हैं। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर भी बड़ी बात कही है। जबकि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर को उन्होंने गलत बताया है। अपने एटा दौरे के दौरान अखिलेश यादव ने 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मैं इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर बहस नहीं करना चाहता हूं। सच्चाई यह है कि विपक्ष एक रहे और इंडिया गठबंधन एक रहे तो भाजपा को हराया जा सकता है। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने 403 सीटों पर तैयारी की बात कही थी। अखिलेश ने कहा यह तो अच्छा कह रहे हैं, 403 सीटों पर वह तैयारी कर रहे हैं और 403 सीटों में हम तैयारी कर रहे हैं। इसका मतलब 806 सीटों की तैयारी हो रही है। इसका मतलब इंडिया गठबंधन भाजपा को हराने के लिए डबल तैयारी कर रहा है। मालूम हो कि कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कुछ दिन पहले कांग्रेस की तरफ से 403 सीटों पर तैयारी की बात कही थी। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के चुनाव में एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ तो सपा पार्टी चंबल चली जाएगी। बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में बेईमानी की गई है। अगर इसी तरह की स्थिति उत्तर प्रदेश में हुई तो भविष्य में चुनाव होना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल में पूर्व सीएम ममता बनर्जी पर हुई एफआईआर को गलत बताते हुए कहा कि यह एक परंपरा बन गई है कि एक मुख्यमंत्री हटेगा दूसरा मुख्यमंत्री आएगा तो आते ही एफआईआर दर्ज कर देगा। बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही लोकप्रिय रही एक महिला मुख्यमंत्री पर एफआईआर होना लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर वोट काटने की तैयारी की थी, लेकिन अब विपक्ष पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव–गांव और घर–घर जाकर मतदाता सूची की जांच करने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि पंचायत और विधानसभा की मतदाता सूचियों की जांच से भाजपा की वास्तविकता सामने आ जाएगी। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। वहीं महंगाई को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जितना डॉलर ऊपर जाएगा उतनी ही चाय महंगी हो जाएगी इन्होंने विश्व गुरु बनने का मौका खो दिया है। अगर ईरान में हवाई जहाज उतार देते, जैसे पाकिस्तान में उतरे थे तो यह युद्ध नहीं होता। हमारे लोग मारे गए हैं जो नेवी के जहाज लेकर के आ रहे थे उन लोगों की हत्या कर दी गई उसका जिम्मेदार अगर कोई है तो वह भारत सरकार की फॉरेन पॉलिसी है।


नफीस जाफरी

# किसान दिवस कल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उप कृषि निदेशक ने बताया कि चालू माह का किसान दिवस 17 जून को मध्यान्ह बारह बजे से अपरान्ह दो बजे तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों, विशेषज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कृषकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

## मोहर्रम जलूस मार्ग पर थाना प्रभारी व अवर अभियंता ने किया लैग मार्च

न्यूज वाणी ब्यूरो/ नानौता, सहारनपुर। मोहर्रम के जुलूसों के दौरान किसी भी अनहोनी या हादसे (विशेषकर बिजली के तारों के संपर्क में आने) से बचने के लिए विद्युत विभाग अवर अभियंता संजीव कुमार और कानून व्यवस्था के मद्देनजर थाना पुलिस प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध व एसएसआई जितेन्द्र कुमार ने आपस में मिलकर मुहर्रम जलूस मार्गो पर लैग मार्च किया। मुहर्रम का महीना इस्लामिक कलेन्डर के अनुसार चाँद दिखने पर



शुरू होता है, जोकि 17 जून या 18 जून से शुरू होगा। चाँद दिख जाने के बाद से मुहर्रम के दस दिनों शिया समुदाय के लोग इमाम हुसैन (पैगंबर मुहम्मद के नवासे) और कर्बला की जंग में शहीद हुए उनके साथियों की याद में शोक मनाते हैं। इस दौरान समुदाय के लोग कई धार्मिक और शोक–सभाओं का आयोजन करते हैं। इस दिनों जलूस भी निकाले जाते है जिसमे कानून व्यवस्था का बड़ा सहयोग रहता है। इस व्यवस्था को निम्भाने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बोद्ध ने सभी मार्गो पर लैग मार्च करते हुए नगर में जलूस मार्गो के साथ साथ कानून व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान जलूस में लेकर निकलने वाले अलम जोकि इमाम हुसैन की सेना के ध्वज (झंडे) का प्रतीक होता है व ताजिया जुल्जनाह जोकि इमाम हुसैन के पवित्र घोड़े की याद में एक सजी हुई घोड़ी लेकर निकलते हैं। यही झण्डे जो कि ऊँचे होते है वह विधुत लाइन से न टकराये इसी को लेकर अवर अभियंता संजीव कुमार ने लाईनमेन भूरा खान व मनोज कुमार आदि के साथ सभी जलूस मार्गो का जायजा लिया जहां से जलूस निकलेगा वहां सभी तारो को ऊँचा किया जायेगा जिससे कोई हादसे की घटना न घटित हो।

# संभावित ख़तरे से बचने के लिए एनसीपी खोलेगी अपनी छतरी?


गुलफिशा खान

तृणमूल कांग्रेस को बचाने के लिए अध्यक्ष ममता बनर्जी को अपने और भतीजे में से किसी एक को चुनने का अल्टीमेटम देने के कुछ दिनों बाद, पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी ने महासचिव अभिषेक बनर्जी के बारे में एक और बयान दिया है, हालांकि इस बार उनका लहजा नरम था। कल्याण बनर्जी ने कहा कि अभिषेक मेरे बेटे जैसे हैं। बेटे की सभी गलतियों को माफ करना पिता का कर्तव्य होता है। अच्छा है कि उन्होंने अपनी गलती समझी। अब हालात चाहे जैसे भी हों, हमें मिलकर लड़ना होगा। कल्याण बनर्जी ने जिस दिन अल्टीमेटम दिया था, उसके बाद से दो घटनाएं हुई थी। पहली बात, अभिषेक बनर्जी ने उन पर कोई पलटवार नहीं किया, बल्कि कहा कि उन्हें सांसद की किसी भी बात से कोई दिक्कत नहीं है, और दूसरी बात, राज्य की सीआईडी (क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट) ने अभिषेक बनर्जी के घर की तलाशी ली थी। यह तलाशी विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर करने के मामले में ली गई थी। तो वहीं दूसरी ओर टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की है। जिसके बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया है। क्योंकि इससे पहले ही टीएमसी के 19 सांसद बागी हो चुके हैं। जबकि कुछ राज्यसभा सांसदों ने भी पार्टी से इस्तीफा दिया है। ऐसे में अब सुदीप बंदोपाध्याय की भूपेंद्र यादव से हुई मुलाकात के बाद दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक सियासी पारा फिर गर्मा गया है। इससे पहले भूपेंद्र यादव के घर टीएमसी के बागी सांसदों की बैठक हुई थी। जिसमें 19 सांसद शामिल थे। जबकि अब सुदीप बंदोपाध्याय ने भी भूपेंद्र यादव से मुलाकात की है। जिसके बाद माना जा रहा है कि वह भी बागी सांसदों में शामिल हो सकते हैं। हालांकि अब तक दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात की आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। सुदीप बंदोपाध्याय तृणमूल कांग्रेस के सीनियर नेता माने जाते हैं और वह लंबे समय से सांसद रहे हैं। तो वहीं अब बात एनसीपी की तो मालूम हो कि इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद सोनिया गांधी के साथ ममता बनर्जी और राहुल गांधी की अभिषेक बनर्जी के साथ मुलाकात को लेकर अलग–अलग तरह की खबरें आने लगी थीं। कहा जाने लगा था कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी का विलय होगा। हालांकि अगले ही दिन कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सार्वजनिक मंच



से इस तरह की खबरों का खंडन कर दिया और ये कहा गया कि ये सब सिर्फ अफवाह है। मगर इसके बाद महाराष्ट्र से कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार एनसीपी) गुट के बीच विलय की बातें भी होने लगी। ये चर्चा शुरू हुई सबसे पहले शिवसेना के सांसद संजय राउत के बयान से। राउत ने कहा कि शरद पवार को उन सभी दलों को इकट्ठा करना चाहिए जो कांग्रेस से टूट कर अलग हुए हैं। उसके बाद महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता नाना पटोले के बयान आया कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों के बीच ऐसी भावना बन रही है कि उनको कांग्रेस जैसी पुरानी पार्टी में मिल जाना चाहिए, जिसमें तृणमूल कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी भी है। पटोले ने आगे कहा कि इस तरह का प्रस्ताव बहुत पहले शरद पवार की तरफ से आया था। मगर बात आगे नहीं बढ़ पाई। जब इस बारे में एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब बारिश होगी तो छाता खोला जाएगा अभी मैं छाता क्यों खोलूं जब बारिश ही नहीं हो रही है। महाराष्ट्र के कुछ नेताओं से बातचीत करके यह लगता है कि आज नहीं तो कल शरद पवार को यह तय करना पड़ेगा कि उनको अपनी पार्टी का क्या करना है। शरद पवार की पार्टी के लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 1 सांसद हैं जबकि महाराष्ट्र विधानसभा में उनके पास 10 विधायक हैं। शरद पवार की पार्टी का पहले अजित पवार की पार्टी में विलय होना था मगर अजित पवार के निधन के बाद यह मामला अटक गया और अब सुनेत्रा पवार किसी विलय के पक्ष में नहीं है। सुनेत्रा पवार अभी महाराष्ट्र की उप–मुख्यमंत्री हैं और उनका बेटा पार्थ पवार राज्यसभा का सदस्य है। शरद पवार अपनी बढ़ती उम्र की वजह से राजनीति में उतने सक्रिय नहीं हैं और उनके सांसदों और विधायकों को लगता है कि उनका क्या भविष्य होगा। अगला चुनाव वो किसके चेहरे पर लड़ेंगे,ऐसे में सांसदों और विधायकों को एकजुट रखना मुश्किल काम है क्योंकि भाजपा अपना कुनबा बढ़ाने में लगी है और अपने बल पर लोकसभा में दो तिहाई बहुमत हासिल करना चाहती है। दूसरी ओर शरद पवार और सोनिया गांधी के रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे भले ही शरद पवार ने विदेशी मूल का सवाल उठा कर 1999 में कांग्रेस से अलग हो गए थे। मगर 2004 और 2009 में यूपीए सरकार में मंत्री रहे यही नहीं जिस साल शरद पवार कांग्रेस से अलग हुए। उसी साल महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी ने भाजपा शिवसेना को रोकने के लिए मिलकर सरकार बनाई और विलास राव देशमुख मुख्यमंत्री बने थे। कहने का मतलब ये है कि कांग्रेस और शरद पवार कभी दूर थे ही नहीं। दोनों भाजपा के खिलाफ ही लड़ते रहे। शरद पवार ने 50 साल से ऊपर के अपने राजनीतिक सफर में कभी भाजपा से हाथ नहीं मिलाया। यहां तक कि भाजपा को महाराष्ट्र में रोकने के लिए महाविकास आघाडी बना कर उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। यही वजह है कि अब दोनों के एक होने की। जबकि ममता बनर्जी भाजपा के साथ जा चुकी है केन्द्र में मंत्री भी रह चुकी है तो जगन मोहन रेड्डी की पार्टी लोकसभा और राज्यसभा में परोक्ष रूप से भाजपा को समर्थन देती रही है मगर शरद पवार की पार्टी ने ऐसा कभी नहीं किया यही वजह है कि कांग्रेस और पवार की पार्टी के एक होने को लेकर इतनी अटकलें चल रहीं हैं।फैसला शरद पवार और सुप्रिया सुले को करना है क्योंकि महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार अपने को असली एनसीपी कहती है और उनके पास सत्ता भी है।देखना होगा शरद पवार की एनसीपी अपनी छतरी कब खोलती है क्योंकि सुप्रिया सुले ने कहा है जब बारिश नहीं हो रही है तो अभी छतरी क्यों खोलूं।

# गहलोत बनाम पायलट, अदावत पार्ट-टू फिर शुरू


फरीद वारसी

राजस्थान की राजनीति में अशोक गहलोत ने एक बार फिर हलचल पैदा कर दी है। सचिन पायलट पर उनकी ताजा टिप्पणियों और 25 सितंबर 2022 की बगावत को लेकर उनके बयानों से राजस्थान में राजनीतिक हलचल तेज़ हो गयी है। खासकर ऐसे समय में जब लग रहा है कि पार्टी कांग्रेस संगठन में बड़े बदलाव हो सकते है। साल 2022 में अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष बनाकर दिल्ली भेजे जाने की तैयारी थी। राजस्थान में नई नेतृत्व व्यवस्था के तहत संभवतः सचिन पायलट को जिम्मेदारी सौंपे जाने की चर्चा थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। 100 से अधिक विधायकों ने पार्टी पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन को वह प्रस्ताव देने से इनकार कर दिया, जिसमें कांग्रेस विधायक दल को नेतृत्व के सवाल पर हाईकमान के फैसले को स्वीकार करने का अधिकार दिया जाता। अशोक गहलोत का 25 सितंबर 2022 की घटना को फिर से उठाना और एक बार फिर सचिन पायलट को निशाने पर लेना, राजस्थान कांग्रेस के भीतर एक पुराने राजनीतिक संघर्ष को फिर से जीवित कर गया है। गहलोत ने सिर्फ सितंबर 2022 की घटना ही नहीं उठाई, बल्कि 2020 में सचिन पायलट की बगावत का भी जिक्र किया। वो बगावत, जिसमें पायलट समर्थक विधायक हरियाणा के मानेसर में डेरा डाले हुए थे और जिसके चलते राजस्थान में कांग्रेस सरकार पर संकट के बादल मंडरा गए थे। राजनीतिक हलकों में इसे राजस्थान कांग्रेस के भीतर नैरेटिव की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है। एक ऐसे समय में जब प्रदेश कांग्रेस संगठन में बदलाव की चर्चाएं तेज हैं और वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कार्यकाल समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। गहलोत खेमे नेएक बार फिर गहलोत बनाम पायलट संघर्ष को राजनीतिक बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। यह वही संघर्ष है, जिसकी छाया से राजस्थान कांग्रेस आज तक पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। गहलोत ने जोर देकर कहा कि सितंबर 2022 की बगावत पार्टी हाईकमान के खिलाफ नहीं थी, बल्कि कुछ विधायक यह नहीं चाहते थे कि उनकी जगह सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया जाए। हालांकि, पायलट खेमे की ओर से




आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि गहलोत का यह संस्करण पूरी तरह सही नहीं है। कांग्रेस के वरिष्ठ सूत्रों का तर्क है कि गांधी परिवार खुद चाहता था कि अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बनें, जो कभी सोनिया गांधी के पास रही पार्टी की सर्वोच्च राजनीतिक जिम्मेदारी है। सूत्रों के मुताबिक ऐसा कदम गहलोत की पूर्व सहमति और समझ के बिना उठाया ही नहीं जा सकता था। एक वरिष्ठ सूत्र का कहना है कि यह तर्क देना कि पर्यवेक्षक अचानक आ गए थे और विधायकों ने हाईकमान की अवहेलना नहीं की, महज़ शब्दों का खेल है। क्योंकि अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे वरिष्ठ नेता राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा कराने के लिए सीधे हाईकमान के निर्देश पर ही जयपुर पहुंचे थे। जबकि पायलट खेमे के सूत्रों का संकेत है कि राजनीतिक समझौते से पीछे हटने का काम गहलोत ने किया था। अंदरखाने यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि अगर गहलोत उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया के दौरान साजिश की बात कहते हैं तो उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि वह साजिश किसने रची थी। राजस्थान कांग्रेस में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच पुरानी राजनीतिक खींचतान एक बार फिर सतह पर आती दिखाई दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हालिया भूल जाओ और माफ कर दो वाले बयान के बाद सचिन पायलट ने भी बिना नाम लिए जवाब दिया है, जिससे साफ है कि प्रदेश की राजनीति में नए सिरे से दोनों खेमों में फिर टकराव शुरू हो गया है। लेकिन अब यह टकराव केवल प्रदेश तक ही सीमित नहीं रहेगी। बल्कि इसके साइड इफेक्ट पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर दिख सकती है और इसका खामियाजा पार्टी को निश्चित रूप से भुगतना हो सकता है। करौली में आयोजित किसान सम्मेलन में सचिन पायलट ने कहा कि वे 25 साल से राजनीति में हैं और बहुत चालें देख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनका किसी से कोई व्यक्तिगत झगड़ा नहीं है, लेकिन सच्चाई के साथ खड़ा होना जरूरी है। पायलट ने कहा कि संघर्ष जरूरी है, संयम जरूरी है, संतोष जरूरी है और सम्मान देना भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के लोग क्या व्यवहार करेंगे, यह उनके हाथ में नहीं है। जैसा कि उल्लेखनीय हे कि इससे पहले अशोक गहलोत ने एक बार फिर 2020 के मानेसर प्रकरण का जिक्र करते हुए पायलट पर निशाना साधा था। गहलोत ने कहा था कि उस समय जो हुआ वह सरकार को अस्थिर करने की कोशिश थी और उस घटनाक्रम को गलती मानना चाहिए। गहलोत के बयान के बाद पायलट की प्रतिक्रिया को राजनीतिक जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान में एकजुटता का संदेश देने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में राहुल गांधी के पुष्कर दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के कामकाज की खुलकर सराहना की थी। उन्होंने दोनों नेताओं की कार्यशैली को संगठन के लिए सकारात्मक बताया था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गहलोत और पायलट के बीच बयानबाजी का असर आने वाले पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों पर पड़ सकता है। प्रदेश में स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में यदि दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच राजनीतिक दूरी बढ़ती है तो इसका असर संगठनात्मक एकजुटता पर दिखाई दे सकता है। इसका प्रभाव केवल राजस्थान तक सीमित नहीं रह सकता. सचिन पायलट राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में शामिल हैं और कई राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। वहीं अशोक गहलोत पार्टी के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। ऐसे में दोनों नेताओं के बीच सार्वजनिक बयानबाजी कांग्रेस के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भी असहज स्थिति पैदा कर सकती है। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व लगातार यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है, लेकिन गहलोत और पायलट के बीच फिर से बढ़ती तल्खी ने राजस्थान की राजनीति में नए सवाल खड़े कर दिए हैं। अब नजर इस बात पर रहेगी कि पार्टी नेतृत्व इस विवाद को किस तरह संभालता है और आने वाले चुनावों से पहले संगठन को कितना एकजुट रख पाता है।

# भारत का अपमान करता अमेरिका और मौन मोदी

समीर

अमेरिका भारत के लिए किस कदर दुर्भावना रखता है, इसका ताजा उदाहरण ओमान की खाड़ी में तीन भारतीय नाविकों की मौत के तौर पर सामने आया है। 9 जून को यहां व्यावसायिक जहाज सेटबेलो पर अमेरिकी नौसेना ने हमला किया था। हमले की पुष्टि खुद अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने की थी। दरअसल ईरान को झुकाने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर अमेरिका ने अपनी नाकेबंदी की है और यहां से किसी भी जहाज को वह तभी गुजरने देगा, जब उसकी अनुमति हो। यह सीधे–सीधे दादागिरी है, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नैतिकता के खिलाफ है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का शासन ऐसा ही है जो अपने अलावा किसी और के नियम नहीं मानता है। अपने इसी अहंकार भरे रवैये में अमेरिका ने सेटबेलो जहाज पर हमला किया और इसमें तीन भारतीयों की मौत हो गई, तो उसने इस पर अफसोस तक जाहिर नहीं किया। जबकि ट्रंप बार–बार नरेन्द्र मोदी को अपना मित्र बताते हैं और मोदी भी उनसे अपनी नजदीकियां जाहिर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। लेकिन ट्रंप की यह दोस्ती भारत के लिए कितनी भारी पड़ रही है, इसके उदाहरण लगातार सामने आ रहे हैं। पहले अवैध अप्रवासी कहकर कई भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर भारत भेजा गया, मानो वे सब कुख्यात अपराधी हों। उसके बाद भारत पर टैरिफ लगाया, रूस से तेल खरीद बंद करवाई। ट्रंप ने मोदी के लिए यहां तक कह दिया कि वे उनका राजनैतिक करियर बर्बाद कर सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर बीच में ही बंद करवाने का दावा भी ट्रंप ने कई बार इस तरह किया मानो मोदी सरकार कोई भी फैसला ट्रंप से पूछे बिना नहीं करती है। इतना अपमान काफी नहीं था, जो अब तीन भारतीयों की मौत पर जिस तरह भारत को ही अमेरिका ने उल्टी घुड़की दी है और यह देखकर घोर अफसोस होता है कि इस सबके बावजूद मोदी सरकार इतना साहस नहीं दिखा रही कि अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को तलब करे और अपनी आपत्ति जाहिर करे। पाठकों को याद होगा कि 2013 में जब अमेरिका में भारतीय राजनयिक देवयानी खोब्रागढ़े पर कानूनी कार्रवाई की गई थी तो भारत की अस्मिता का सवाल उठाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की सुरक्षा कम करने जैसे सख्त कदम उठाए थे। जिन्हें भाजपा ने बार–बार मौन मोहन कहकर मजाक उड़ाया उन्होंने दर्जनों बार भारत को मजबूत दिखाने वाले ऐसे फैसले लिए और अब अपनी ही ताकत का ढोल पीटने वाले नरेन्द्र मोदी जरूरत होने पर भी सख्ती नहीं दिखा पाते हैं। तीन भारतीयों की मौत पर विपक्ष ने सवाल उठाए तो सरकार ने अफसोस तो जाहिर किया लेकिन इसमें अमेरिका के लिए आलोचना का कोई शब्द नहीं था, इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से इस घटना पर शकड़ा विरोधश दर्ज कराया और कहा कि इस तरह का शघातक हमला उचित नहींश है। उचित न होने की बात से ही जाहिर होता है कि विदेश मंत्री जिस कड़ाई की बात कर रहे हैं, वो असल में कूटनीतिक चालाकी है। कड़ाई तो तब होती जब भारत सरकार अमेरिकी सरकार से कहती कि आपने हमारे नागरिकों की जान ली तो अब आपको भी अंजाम भुगतना पड़ेगा। लेकिन मोदी सरकार केवल बतकही से काम चलाना चाहती है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एस जयशंकर और रुबियो के बीच बातचीत का जो ब्योरा जारी किया है, उसमें रुबियो ने कहा है कि खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की अवैध ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिका की भाषा और भारत की भाषा देखकर ही समझा जा सकता है कि दोनों के रवैये में कितना फर्क है। लेकिन इस फर्क की चिंता किए बिना मोदी फिर छह दिनों की विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। फ्रांस में देशी–विदेशी कलाकारों द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति का आनंद लेते और ताली बजाते मोदीजी के कई वीडियो सोशल मीडिया पर आए हैं। ऐसे वीडियो प्रसारित कर सरकार शायद यही चाहती है कि जनता इस बात पर गौरव का अनुभव करे कि भारतीय संस्कृति की महिमा दुनिया में गूंज रही है और प्रधानमंत्री मोदी इस का गवाह बन रहे हैं। वैसे जनता को अब सरकारी विज्ञप्तियों का इंतजार भी नहीं रहता। वह जानती है कि नरेन्द्र मोदी जब भी विदेश जाएंगे, तो बिना सहारे धड़ाधड़ विमान की सीढ़ियां चढ़ते उनके वीडियो आएंगे, फिर प्लेन के भीतर कुछ पेपर वगैरह पढ़ते हुए तस्वीरें आएंगी, ताकि पता चले कि प्रधानमंत्री तो काम करना खत्म ही नहीं करते। विदेश में एयरपोर्ट से लेकर जिस भी सभागार में मोदी पहुंचेंगे, वहां भारतीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे और मोदी–मोदी के नारे लगाएंगे, विदेशी धरती पर अपने देवता समान नेता को देखकर लहालोट होंगे। फिर भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर, आरती उतारकर मोदी का स्वागत होगा और फिर नृत्य–संगीत की मनमोहक प्रस्तुति। यही सब साल दर साल, महीने दर महीने होता आ रहा है। बस यही समझ नहीं आता कि जब भारतीय संस्कृति को, यहां की धारती को प्रवासी भारतीय इतना ही याद करते हैं, तो विदेश जाकर बसे क्यों हैं और प्रधानमंत्री मोदी को भी कत्थक, भरतनाट्यम हो देखना हो, देश में ही देख लें। कम से कम जनता के टैक्स के करोड़ों रूपए बच जाएंगे। और अगर प्रधानमंत्री विदेश जाते ही हैं, जैसे अभी गए हुए हैं, तो कुछ ऐसे काम तो कर के आएं जिससे भारतीयों की इज्जत और रूतबा बढ़े। इस समय तो लगातार देश का अपमान ही अमेरिका कर रहा है, और मोदी चुपचाप इस अपमान को बर्दाश्त कर रहे हैं। जबकि विपक्ष ने उन्हें पहले भी कहा है कि आप विरोध करिए हम आपका साथ देंगे। न जाने किस डर से मोदी अमेरिका के खिलाफ कुछ बोलना ही नहीं चाहते हैं। वैसे मोदी अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर की नसीहत को याद कर लें कि अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है, लेकिन दोस्त होना जानलेवा है।

# छांछी कुआँ हनुमान मंदिर में हुआ दिव्य सुन्दरकाण्ड पाठ व राधा नाम संकीर्तन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। माँ कामाख्या शिव मंदिर कल्याणपुर कंचन बिहारी मार्ग के पवित्र प्रांगण में छोटी कुट्टी हनुमान मंदिर प्रबन्ध कमेटी चौक द्वारा दिव्य सुन्दरकाण्ड पाठ व श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम सन्त श्री प्रिया शरण महाराज की पवित्र वाणी से प्रभु का नाम श्रवण कर आयोजन में उपस्थित भक्तजन प्रेम व भक्ति से ओत–प्रोत हो गये मुख्य यजमान पंकज पाण्डेय उपाध्यक्ष माँ कामाख्या शिव मंदिर ने सभी भक्त जनों को प्रणाम कर पाठ का आरम्भ किया व सभी का धन्यवाद किया। कमेटी की सक्रियता छांछी कुआँ हनुमान मंदिर कमेटी पिछले चार वर्षों से लगातार प्रतिमाह सुन्दरकाण्ड पाठ एवं श्री राधा नाम संकीर्तन का आयोजन करती चली आ रही है। कमेटी के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, महामंत्री रानीव मिश्रा एडवोकेट एवं उपाध्यक्ष ज्योति शुक्ला एडवोकेट निरन्तर मंदिर प्रबन्धन हेतु बड़ी निष्ठा से सेवारत है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर लगा विशाल शिविर

## - रक्तदाताओं को रक्तशिरोमणि सम्मान से किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मथुरा स्वर्गीय लीलावती शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि एवं विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि. उत्तर प्रदेश तथा वैष्णो फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लाइफ केयर चौरिटेबल ब्लड बैंक, एनएच–19, मथुरा पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने किया। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा अब तक रक्तवीरों के सहयोग से 8,017 यूनिट रक्त उपलब्ध कराकर जरूरतमंदों की सहायता की जा चुकी है। वहीं आज आयोजित शिविर में 89 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्.ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। समिति के मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर के बाद समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए रक्त की कुल संख्या 8,106 यूनिट हो गई है। शिविर में रक्तदाताओं को



प्रशस्ति–पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर 'रक्त शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया। लाइफ केयर ब्लड बैंक के निदेशक बृजेश शर्मा ने कहा कि एक रक्तदाता का रक्तदान तीन लोगों का जीवन बचाने में सहायक होता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय–समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। प्रदेश महासचिव चंद्रमोहन दीक्षित ने कहा कि समिति निरंतर सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय रहती है तथा रक्तदान के क्षेत्र में जनपद मथुरा में उसका उल्लेखनीय योगदान रहा है। इस अवसर पर चिराग गुप्ता एवं पूजा गुप्ता (पति–पत्नी) ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। रक्तदान करने वालों में रजत शर्मा, बृज बिहारी शर्मा, .ष्ण कुमार, चंद्रशेखर, ललित अग्रवाल, गजेंद्र सिंह, लवेश शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष कुमार, डॉ. सचिन सिसोदिया, माधव गोस्वामी, प्रवीण कुमार, भोला शर्मा, रवि राजपूत, कैलाश कुमार गौड़, हर्षित, .ष्णा, महेश चंद्र, मुकेश कुमार, हीरो सिंह, गजराज सिंह, दिशांत सिंह, भव्य वशिष्ठ, रिंकू, अतुल, नरेश चंद्र सागर, जितेंद्र चौधरी, विनीत कुमार, नवीन गौरव अग्रवाल, श्याम सुंदर, बृजेश शर्मा, जेपी शर्मा, सौरभ अग्रवाल, शिवम बंसल, मोनू सहित अनेक लोगों ने रक्तदान किया।

# वेबसाइट पर उपलब्ध ग्राम पंचायत की अन्तिम मतदाता सूची

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्य राजस्व अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पं) ने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण, 2025–26 के अन्तर्गत समस्त जनपदों की समस्त ग्राम पंचायतों की पंचायत निर्वाचक नामावली (अन्तिम मतदाता सूची) अपलोड कर दी गयी है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति आयोग की वेबसाइट के माध्यम से किसी भी ग्राम पंचायत की अन्तिम मतदाता सूची–2026 डाउनलोड करके अवलोकन कर सकता है।

# हाथियों के हमले में अज्ञात व्यक्ति की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

कालागढ़, बिजनौर। वन क्षेत्र से निकलकर रिहायशी इलाके में पहुंचे जंगली हाथियों के हमले में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना रविवार देर रात नई कॉलोनी क्षेत्र में हुई, जहां सोमवार सुबह क्षत–विक्षत अवस्था में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष है। शव पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हाथियों ने उसे कुचल दिया। घटनास्थल से कुछ दूरी पर मृतक के कपड़े और चप्पल भी बरामद हुए हैं। उसकी जेब से रोटियां मिलने के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि वह काफी समय से इधर–उधर घूम रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार हाल के दिनों में कार्बेट टाइगर रिजर्व से निकलकर हाथियों के झुंड अक्सर नई कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में देखे जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में वह स्थानीय निवासी नहीं लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से रात के समय वन क्षेत्र से सटे इलाकों में सतर्कता बरतने की अपील की है।

# मवई बुजुर्ग गांव में 64 साल बाद भी सीसी रोड व नाली नहीं

## – 62 परिवार नरक भरा जीवन जीने को मजबूर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। तहसील सदर के ग्राम मवई बुजुर्ग के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। 1962 में बसे इस गांव के 62 परिवार आज भी सीसी रोड, बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की मांग की है। ग्रामवासियों के मुताबिक गांव में अधिकांश आबादी गरीब, भूमिहीन मजदूर और विधवा



महिलाओं की है। वर्षों से शिकायत के बावजूद न सीसी रोड बनी, न ही नाली ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा के मौसम में पूरे गांव में गंदा पानी और कीचड़ भर जाता है। जलभराव से मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। छोटे बच्चों को स्कूल आने–जाने, बुजुर्गों को घर से निकलने और महिलाओं को घरेलू कामकाज में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आवेदन में विशेष रूप से मांग की गई है कि रामनरेश पुत्र सदलुवा चमार के घर तक लगभग 150 मीटर की दूरी में सीमेंट रोड, नाली ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ इतना काम होने से बड़ी समस्या हल हो जाएगी। आवेदन पर फूलकुमारी, शांति, सीमा, नेहा, जगदीश सहित आदि मौजूद रहे हैं।

# अत्याधुनिक विद्युत शवदाह गृह का हुआ लोकार्पण

## - 6 माह तक रहेगा अंतिम संस्कार पूरी तरह से निःशुल्क

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद में जनसुविधाओं के विस्तार और शत–प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। पूर्व सांसद डॉ. अनिल जैन, महापौर कामिनी राठौर एवं मुख्य रूप से सदर विधायक मनीष असीजा की दूरगामी सोच और उनके अथक प्रयासों के चलते स्वर्गाश्रम विकास समिति द्वारा छार बाग (यमुना रोड) स्थित स्वर्ग आश्रम परिसर में जिले के पहले अत्याधुनिक विद्युत शवदाह गृह का भव्य लोकार्पण किया गया। इस लोक–उपयोगी व्यवस्था का शुभारंभ पूरी तरह सनातन परंपरा के अनुसार संपन्न हुआ। सदर विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण, भव्य हवन–पूजन और पूरे विधि–विधान के साथ इसे जनमानस को समर्पित किया गया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने आम जनता से षविद्युत शवदाह गृह की सेवा का लाभ लेने के लिए स्वर्ग आश्रम समिति को कम से कम 2 घंटे पहले सूचित करने की अपील की। ताकि, समय रहते मशीन को संचालन के लिए उचित तापमान



(वर्किंग टेम्परेचर) पर पहुंचाया जा सके और शोक संतप्त परिजनों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।ष जनसमूह को संबोधित करते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने भावुक मन से कहा कि, ष्यह कदम केवल एक बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं है, बल्कि हमारी प्र.ति और आने वाली पीढ़ी को बचाने का एक महासंकल्प है। हर साल अंतिम संस्कार में टनों लकड़ी का उपयोग होता है, जिससे हमारे जंगल सिमट रहे हैं। यह विद्युत शवदाह गृह पर्यावरण को स्वच्छ रखने के साथ–साथ गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक संबल और बड़ी राहत साबित होगा।ष उन्होंने कहा कि, आपातकालीन स्थिति या शहर में बिजली कटौती के दौरान भी शवदाह प्रक्रिया में कोई व्यवधान न आए, इसके लिए विधायक निधि और विशेष प्रयासों से विद्युत बुनियादी ढांचे को बेहद मजबूत बनाने के लिए 250 केवीए का ट्रांसफार्मर और 250 केवीए का बैकअप जनरेटर की व्यवस्था की गई है। लोकार्पण के इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य रूप से स्वर्ग आश्रम विकास समिति अध्यक्ष राकेश गोयल, सचिव आलिंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, पं. उमाशंकर शर्मा एवं प्रमुख उद्योगपति देवी चरण अग्रवाल व मुकेश बंसल टोनी, डॉ. गौरव अग्रवाल, द्विजेंद्र मोहन शर्मा, सुधीर शर्मा सहित प्रवीन कुमार शर्मा, जया शर्मा, अनुपम शर्मा, आ.ति सहयोगी, कल्पना राजौरिया, सीमा गुप्ता, राजेश दुबे, विवेक तिवारी कन्हैया, सुनील शर्मा, राम नरेश कटारा, भगवान दास शंखवार, हरिओम गुप्ता, प्रमोद राजौरिया, मनोज ताऊ व अन्य पार्षदगण, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, डॉक्टर, प्रबुद्ध व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सिडिको संस्था ने रोजगार व नौकरी दिलाने का झांसा करोडो रुपये लेने का आरोप

## – धनराशि वापस कराने एवं उच्च स्तरीय जांच कराने के संबंध में सीएम को दिया प्रार्थना पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बलिया। लघु उद्योग विकास परिषद (सिडिको) लखनऊ की संस्था ने नौकरी के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही करने, पीड़ित भाजपा व संघ कार्यकर्ता वेदप्रकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि




800 युवाओं से कुल लगभग ध्1.20 करोड़ की धनराशि संस्था ने वसूली किया है। मुख्यमंत्री से मुकदमा दर्ज करने, धन वापसी कराने, जांच कराने तथा सुरक्षा प्रदान करने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र भी दिया है। सिडिको की लिए लेन देन का रिकार्ड सहित सभी साक्ष्य उपलब्ध कराया हैद्य इससे बौखलाए संस्था संचालको ने शिकायत कर्ता के साथ परिवार जनो को झूठी शिकायत कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से उत्पीड़न कराया जा रहा हैद्य और अपराधी प्रवृत्ति के लोगो से प्रार्थी की धनराशि वापस न करने की धमकी भी दी जा रही हैद्य पत्र मे शिकायत कर्ता ने आरोप लगाया है कि लगभग 800 युवाओं से सदस्यता, सहयोग राशि व किट के नाम पर धन एकत्रित कर संस्था ने कुल लगभग ध्1.20 करोड़ की धनराशि संबंधित व्यक्तियों को हस्तांतरित किए गए हैद्य मुख्य आरोपी के रूप में अभिषेक कुमार सिंह, भानु कुमार, अनुप कुमार पाण्डेय आदि के नाम उल्लेखित किया हैद्य शिकायत कर्ता ने मुख्यमन्त्री से उच्च स्तरीय जांच कराने के संस्था के मुख्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने, धन वापसी कराने, जांच कर सभी युवाओं को पैसा वापसी तथा स्थानीय पुलिस के कुछ अधिकारियों पर उत्पीड़न और आरोपियों से सांठगांठ की भी जांच कर संबंधित के विरुद्ध विभागीय जांच हो। प्रार्थी और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# जनहित के मुद्दों पर अधिकारियों से मिली अपराध निरोधक समिति की टीम

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिले पहुंचकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान भारत–नेपाल सीमा से जुड़े रूपईडीहा क्षेत्र की वर्तमान



स्थिति, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा–परिचर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में समिति के जिला सचिव एवं जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला उपसचिव विनोद कुशवाहा, नगर उपाध्यक्ष रूपईडीहा इरशाद हुसैन, संगठन मंत्री रमेश मिश्रा तथा पूर्व ब्लॉक उपप्रमुख तेज प्रसाद वर्मा शामिल रहे। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह तथा श्रम आयुक्त राम बहादुर यादव से औपचारिक मुलाकात कर जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ–साथ रूपईडीहा क्षेत्र की परिस्थितियों पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान क्षेत्रीय समस्याओं एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को अधिकारियों के समक्ष रखते हुए उनके निराकरण के लिए आपसी समन्वय एवं जनहित में प्रभावी कार्यवाही की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास तथा आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

# सड़क पर बिखरा नवविवाहिता के सुहाग का सिंदूर

## - तेज रफ्तार व ओवरलोडिंग से हुई मौत का जिम्मेदार कौन?

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। रविवार की दोपहर मैनपुरी–बरनाहल रोड पर एक ऐसा खौफनाक और दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने न केवल एक हंसते–खेलते परिवार को ताउम्र का आंसू दे दिया, बल्कि यातायात व्यवस्था और प्रशासनिक दावों की भी पोल खोलकर रख दी। सिरसागंज से सवारी भरकर मैनपुरी की तरफ जा रहा एक तेज रतार ऑटो हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। दिल को दहला देने वाले हादसे में ऑटो सवार एक नवविवाहिता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना रामगढ़ क्षेत्रांतर्गत अम्बे नगर की रहने वाली प्राची पत्नी आलोक कुमार रविवार को बेहद खुश थीं। वे अपने ससुर और मासूम बेटे के साथ अपने मायके मैनपुरी जाने के लिए घर से निकली थीं। फिरोजाबाद से वे लोग सिरसागंज पहुंचे और वहां से मैनपुरी जाने के लिए एक ऑटो में सवार हुए लेकिन ओवरलोडिंग और तेज रतार के कारण असंतुलित होकर ऑटो बीच सड़क पर ही पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां, डॉक्टरों ने नवविवाहिता प्राची को मृत घोषित कर दिया। यह कोई पहला या आखिरी हादसा नहीं है। मुख्य मार्गों व लिंक गलियों से लेकर राष्ट्रीय राजमार्गों तक कहीं भी देखा जा सकता है कि किस तरह 3 से 4 सवारियों की क्षमता वाले ऑटो में 8 से 10 सवारियां भेड़–बकरियों की तरह ठूंस दी जाती हैं। इस ओवरलोडिंग के कारण वाहन का संतुलन हमेशा खतरे में रहता है। इन छोटे तिपहिया वाहनों को निर्धारित गति सीमा से दोगुना रतार पर दौड़ाया जाता है। तीखे मोड़ों या अचानक सामने किसी वाहन के आने पर ये ऑटो ताश के पत्तों की तरह पलट जाते हैं। प्राची की मौत भी इसी ओवर स्पीड की भेंट चढ़ गई। हाईवे और संपर्क मार्गों पर हर दिन ऐसे डग्गामार और अनियंत्रित वाहन रोजाना मौत बनकर दौड़ रहे हैं, जो व्यवस्थाओं में सुधार के नाम पर चालान काटने वाली यातायात पुलिस और



परिवहन विभाग के अधिकारियों पर भी बड़ा सवालिया निशान लगाते हैं। सबसे बड़ा सवाल स्थानीय प्रशासन, परिवहन विभाग और हाईवे पुलिस पर उठता है। चौराहे–चौराहे पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद ये ओवरलोड ऑटो बेखौफ कैसे गुजर जाते हैं? चेकिंग के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति क्यों होती है? क्या विभाग को किसी और बेगुनाह की मौत का इंतजार रहता है?

# डीएम ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से इस त्रैमासिक निरीक्षण के दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के अधि.त प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीलिंग, लॉकिंग सिस्टम तथा मशीनों के रख–रखाव की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक–चौबंद पाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों और राजनीतिक



दलों के प्रतिनिधियों ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान शैलेन्द्र शुक्ला जिला महासचिव, कांग्रेस, जे. पी. सिंह वि.स. प्रभारी बहुजन समाज पार्टी, कं० नवल सिंह एडवोकेट महामंत्री, सी.पी.आई. (एम), प्रमोद कुमार सचिव समाजवादी पार्टी, राम प्रताप गुर्जर पूर्व जिलाध्यक्ष, लोहिया वाहिनी (समाजवादी पार्टी), शैलेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, महेश चन्द गौतम वि.सं. महासचिव, बी.एस.पी. उपस्थित रहें।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते हैं।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन ऑख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व सापट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# अब दरी नहीं बिछाई जाएगी, बराबरी की हिस्सेदारी होगी : ओवैसी

## – एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील नानपारा के शंकरपुर चौराहा (मटेरा विधानसभा क्षेत्र) में आयोजित जनसभा में असदुद्दीन ओवैसी के संबोधन के दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा। सभा में बरेली, फतेहपुर, इटावा, औरैया, अम्बेडकर नगर, सिद्धार्थनगर सहित कई जनपदों से आए कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभा में ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली समेत पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। हिंदू संगठनों ने काले झंडे दिखाकर विरोध जताया और शौकत अली का पुतला फूंका और ओवैसी के बहराइच दौरे का विरोध किया। मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष ओवैसी ने मटेरा विधानसभा से शौकत अली को 2027 के चुनाव में प्रत्याशी बनाने का औपचारिक ऐलान किया और जनता से उन्हें विधायक बनाने की अपील की। अपने तीखे भाषण में ओवैसी ने कहा कि अब दरी नहीं बिछाई जाएगी। बराबरी की हिस्सेदारी होगी। युवाओं की जिंदगी बेवजह जेलों में बर्बाद हो रही है, इसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों से वादे किए गए, लेकिन जमीनी हक और सम्मान नहीं मिला। जनसभा में उमड़े भारी जनसमूह को देखकर ओवैसी उत्साहित दिखे और उन्होंने मटेरा को परिवर्तन का केंद्र बनाने का आह्वान किया। सभा के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह साफ दिखाई दिया। नारेबाजी और तालियों के बीच ओवैसी का संदेश स्पष्ट था.सम्मान, हिस्सेदारी और न्याय। जनसभा को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईएमआईएम की मजबूत तैयारी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विकास खण्ड महुआ अंतर्गत सहेवा गांव में समाजसेवी सुमित शुक्ला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बैठक कर महादेवन मंदिर के आस पास के मुहल्ले में नमामि गंगे योजना के तहत् जब से गांव में पानी छोड़ा गया तब से आज तक एक बूंद यहां पानी नहीं पहुंच सका है जिस पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखाई दिया। बैठक में प्रशासन से अपील की गई की इस



योजना की वजह से उत्पन्न अन्य समस्याओं को चाहे तो बाद में ध्यान केंद्रित करें परन्तु भयंकर गर्मी को ध्यान में रखते हुए महादेवन मंदिर के आस पास जल्द से जल्द पानी पहुंचाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। बाबू मिश्रा ने बताया कि हम लोग लगातार मांग कर रहे हैं इतनी भीषण गर्मी में भी मानवता के नाम पर भी इस योजना के तहत् पूरे गांव में पानी पहुंचाने की कोशिश नहीं की जा रही और तो छोड़िए अभी तक सभी नलों में टोटी तक नहीं लगायी जा सकी है और ना ही लीकेज जैसी समस्याओं की तरफ ध्यान दिया गया है कहने का आशय कुछ जगह पानी जमकर बर्बाद हो रहा है तो कहीं पानी आने की आस लगाए लोग बैठे हैं परन्तु पानी नहीं आ रहा कहने को नल लगें हैं वो भी बिना टोटी के। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि महादेवन मंदिर के आस पास पानी को लेकर समस्या बनी रहती है और गर्मियों में तो समस्या काफी गंभीर हो जाती है क्योंकि हैंडपंप भी जवाब देने लगते हैं कभी खराब हो जाते हैं तो उनके बनने में समय लगता है जिसकी वजह से दूर जाकर पानी लाना पड़ता है ऊंचाई ज्यादा होने की वजह से पानी लाने में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है मेरे द्वारा लगातार जल जीवन मिशन योजना से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन दे रहा हूं दर्जनों ज्ञापन देने के बाद भी अभी तक एक कर्मचारी गांव आकर इस विषय से जुड़ी समस्याओं को जानने का प्रयास नहीं किया इस बार हमारी प्रशासन से मांग यही है कि आप सबसे पहले महादेवन मुहल्ले में जल जीवन मिशन योजना के तहत् हर घर पानी पहुंचाने का कार्य करें इस सम्बन्ध में हम लोग कल जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन भी देंगे इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला बाबू मिश्रा मनोज मिश्रा देवशरण शुक्ला कुलदीप मिश्रा महेश्वरी अवस्थी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत के संकल्प को साकार करने उतरे भाजपा कार्यकर्ता

## - जंक्शन पर चला स्वच्छता अभियान, जनभागीदारी का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित संगठनात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर रेलवे स्टेशन परिसर की व्यापक साफ–सफाई की तथा यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा राष्ट्रीय अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने देशभर में स्वच्छता के प्रति नई चेतना का संचार किया है। उन्होंने कहा कि



स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का उद्देश्य प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी संकल्प के साथ कार्यकर्ता लगातार जनजागरूकता अभियान चला रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने घरों के साथ–साथ सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद द्विय रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष अशोक चौबे, .पा नारायण तिवारी, अमित तिवारी, बासु चौधरी, संजीव भदौरिया, जिला मंत्री मधु तोमर, सुरेश राजपूत, अभिषेक मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह–मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, मंडल अध्यक्ष चन्दन मिश्रा, कमलेश कठेरिया, नीतू नारायण मिश्रा, मोनू चौहान, अखिलेश कौशिक, प्रभात चौधरी, अमर चंद सविता, सभासद ललित चौबे सहित भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंतरजनपदीय शातिर अभियुक्ततमंचा के साथ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह के नेतृत्व में रात्रि को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा राजकीय हाईस्कूल व किराने की दुकान में चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व चोरी के सामानों के साथ गिरतार कर लिया गया है। साथ ही घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गड़रिया के रहने वाले .ष्ण कुमार ने 28 मई थाना जसपुरा पर सूचना दी कि रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके किराने की दुकान में चोरी कर ली गई है जिसके सम्बन्ध में थाना जसपुरा पर अभियोग पंजी.त किया गया था। अभियुक्तों की पहचान एवं गिरतारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जसपुरा से ग्राम झंझरी जाने वाले मार्ग के जंगल में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के बोरियों में सामानों के साथ होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पुहंचकर घेराबन्दी करते हुए दोनों व्यक्तियों को पकड़कर नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो एक व्यक्ति उमेश पुत्र राजाबाबू निवासी गड़रिया थाना जसपुरा के कब्जे से अवैध तमंचा एवं कारतूस सहित 3750 रुपए नकद आदि बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि वे दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अलग–अलग जनपदों में घूम–घूम कर चोरी करते है तथा माह फरवरी महिने राजकीय हाईस्कूल से इलेक्ट्रानिक सामानों की एवं माह मई एक किराने की दुकान से लाही, सरसो, गुटखा आदि की चोरी किए थे। कुछ सामानों के बेच दिया था तथा कुछ सामानों को आज बेचने जा रहे थे। मौके से बरामद बोरियों को चेक किया गया तो उनमें से चोरी के लाही, सरसो तथा गुटखा आदि बरामद हुए जिन्हे नियमानुसार कब्जे में लिया गया। अभियुक्त को गिरतार करते हुए साथ में घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी नियमानुसार संरक्षण में लिया गया। बता दें कि अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर अपने पिता के साथ मारपीट कर गम्भीर चोंट पहुंचाने आदि के साथ



रंगदारी मांगने, हत्या के प्रयास एवं चोरी आदि के कई मामलें दर्ज है। इस सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा और गहनता से पूछताछ कर जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन–किन स्थानों और कितने से लोगों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 29 किलो सरसों 3750 रुपए नगद 10 पैकेट गुटखा 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त उमेश पुत्र राजा बाबू निवासी गड़रिया थाना जसपुरा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली टीम में ऋषिदेव सिंह प्र0नि0 थाना जसपुरा, व0उ0नि0 प्रेम पाल सिंह, उ0नि0 अवधेश शुक्ला, कां0 बसंतलाल यादव, कां0 अजीत यादव, कां0 सतेन्द्र पटेल शामिल रहे।

# 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सप्ताह का शुभारम्भ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के अटल पार्क में सदर विधायक मनीष



असीजा व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोन्ह वैश्य एवं कार्यकम के संयोजक डा० शरद वर्मा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा प्रातः 06 बजे दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर पीएस राना मास्टर ट्रेनर, अंकित यादव योग प्रशिक्षक, धर्मेन्द्र कुमार योग प्रशिक्षक द्वारा योगा प्रोटोकॉल के तहत योग कराया गया। डा० शरद वर्मा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्साह एवं उर्सोल्लास से साथ मनाये जाने हेतु तहसीलों, ब्लॉकों, ग्राम पंचायतों तथा जनपद के मुख्य पार्कों को योग साधकों द्वारा जनमानस को निःशुल्क योग कक्षाएं चलाई जा रही है। जिसकी थीम (योग फॉर हेल्दी एजिंग) है। जनपद के वरिष्ठ नागरिकों, जनमानस व जनप्रतिनिधियों में काफी उत्सुकता है। बारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को सफल एवं भव्य बनाये जाने हेतु जिला कार्यकम प्रबन्धक (आयुष) आलोक कुमार द्वारा जनमानस से करो योग रहो निरोग की भावना से योग करने हेतु अपील की गयी। शुभारम्भ के अवसर पर रमाकान्त, सदस्य गौसेवा आयोग, भगवान दास शंखवार, प्रवीन कुमार, उद्योगपति तथा डा० जितेन्द्र कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, आयुष विभाग के कई चिकित्साधिकारी तथा योग साधक तथा आदि उपस्थित रहे।

# लाखों के अमृत सरोवर बने धूल के तालाब

## – प्यासे पशु–पक्षी और परेशान ग्रामीण

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांवों में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए अमृत सरोवर आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर भीषण गर्मी शुरू होते ही पूरी तरह सूख गए हैं। हालत यह है कि जिन सरोवरों का उद्देश्य जल संरक्षण, भूजल स्तर सुधार और पशु–पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना था, वहां अब सिर्फ धूल उड़ रही है। भीषण तपिश के बीच जलीय जीव–जंतु तड़प रहे हैं तो वहीं



पशु–पक्षियों के सामने पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद अमृत सरोवर सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गए हैं। कई स्थानों पर सरोवरों में न पानी दिखाई दे रहा है और न ही रखरखाव की कोई व्यवस्था। सूखे पड़े सरोवरों में झाड़ियां उग आई हैं और तेज हवाओं के साथ धूल उड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में यदि समय रहते इन सरोवरों में पानी भराव और संरक्षण की व्यवस्था की जाती तो गांव के पशुओं, पक्षियों और जलीय जीवों को राहत मिल सकती थी। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लाखों रुपये की योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सूखे पड़े अमृत सरोवरों की तत्काल जांच कराकर उनमें पानी भराव की व्यवस्था कराई जाए, ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर सफल दिखाई दे सके और भीषण गर्मी में जीव–जंतुओं को राहत मिल सके।

# गोली लगने से महिला की मौत, हत्या या रंजिश की जांच शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावली, बिजनौर। गांव मुस्सेपुर में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि मृतका पिछले कुछ समय से अपने पति से अलग रह रही थी। वह हाल ही में वापस गांव आई थी। सोमवार शाम अचानक गोली चलने की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। वहां महिला लहूलुहान अवस्था में पड़ी मिली। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ भी की। प्रारंभिक जांच में पुलिस पारिवारिक विवाद सहित अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में तरह–तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राचार्य ने धन्वंतरि पूजा के साथ योग सप्ताह का किया शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सबलापुर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश चंद्र तिवारी ने प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, चिकित्सकों एवं शिक्षकों के साथ भगवान धन्वंतरि के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.सतीश चंद्र तिवारी ने कहा



कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि संस्थान में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया जाएगा तथा योग के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में चिकित्सकों एवं शिक्षकों ने भी योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए नियमित योग करने का संदेश दिया। योग सप्ताह के दौरान विभिन्न योग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर डॉ. देवेश तिवारी, डॉ. यू.एन. मिश्रा, डॉ. निशा शर्मा, डॉ. चंद्रशेखर, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉ. निधि पोरवाल, डॉ. शालू, डॉ. कल्पना जांगिड़, संजय गौतम, जे.पी. शुक्ला सहित संस्थान के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# 24.74 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक सीएम मश्डल कम्पोजिट विद्यालय

## - पर्यटन मंत्री ने किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

## - ग्रामीण बच्चों को मिलेगी कॉन्वेंट स्तर की आधुनिक शिक्षा सुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को करहरा में 24.74 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, आगरा द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियां एवं स्टॉल लगाए गए थे। मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर लगे सभी स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए उत्पाद स्टॉल, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि करहरा में बनने वाला यह मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय फिरोजाबाद जनपद के शैक्षिक और सामाजिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। प्रदेश सरकार गांवों के बच्चों को भी शहरों जैसी आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने



के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लगभग 24.74 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल जैसी विश्वस्तरीय शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। विद्यालय परिसर में 30 विशाल एवं स्मार्ट कक्षाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक कक्षा में लगभग 50 विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था होगी, जिससे कुल 1500 छात्र–छात्राएं लाभान्वित होंगे। विद्यालय में आधुनिक शिक्षण संसाधनों के साथ बेहतर आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मंत्री जयवीर सिंह के हाथों सहायता सामग्री, चेक, प्रमाण पत्र एवं टूलकिट वितरित की गईं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत रजनी एवं अजहान बेग को 5 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया तथा ओडीओपी योजना के तहत टूलकिट वितरित की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की लक्ष्मी देवी, मीना देवी, सुनीता यादव एवं वेबी यादव सहित अन्य महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जसवंत सिंह एवं ममता को आवास की चाबियां सौंपी गईं। वहीं मनरेगा योजना के तहत 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले वेद प्रेमपाल एवं मुन्नी देवी को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष रंजना सिंह, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजीव राजपूत, जिला महामंत्री अजीत राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राजीव यादव बाले, राघवेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, पीडी डीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामबदन राम, बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, एई आवास विकास वैभव सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीणजन एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्रवाई, नौ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126, 135 के तहत कुल नौ लोगों को गिरतार किया। थाना बलरई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कीरतपुर गांव निवासी रुस्तम, विकास और रंजीत को गिरतार किया। थाना वैदपुरा पुलिस ने सिपहरी गांव निवासी अभिषेक कुमार और आशीष कुमार को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की। वहीं थाना चौबिया पुलिस ने नगला धर्म सिंह एवं बरूआ गांव के उपेंद्र कुमार, विपिन, आदेश कुमार और दिनेश कुमार को गिरतार किया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170, 126, 135 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति, कानून–व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## नाबालिग को लॉकअप में डाला, बाल संरक्षण आयोग से न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में कानून–व्यवस्था और खाकी को शर्मसार करने वाला एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। नानपारा कोतवाली क्षेत्र में एक पिता ने अपने 16 वर्षीय नाबालिग पुत्र के साथ दोस्ती के बहाने जबरन कुकर्म किये जाने का आरोप लगाया है। सनसनीखेज बात यह है कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, उल्टे पीड़ित नाबालिग को ही बीते 14 जून से थाने के लॉकअप में अवैध रूप से बंद कर रखा है। पीड़ित पिता सरदार अली ने इस बर्बरता और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पुलिस अधीक्षक व राज्य बाल संरक्षण आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### लॉकअप का फोटो हुआ लीक

पीड़ित पिता ने पुलिसिया उत्पीड़न और अवैध हिरासत का सच मिटाया न जा सके, इसके लिए नानपारा थाने की सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर को तुरंत सील करने की मांग की गई है। पिता ने नाबालिग बेटे को बन्दीगृह में रखे जाने का प्रत्यक्ष फोटो साक्ष्य भी उच्चाधिकारियों को सौंपा है। एक तरफ पॉक्सो एक्ट के तहत नाबालिग पीड़ितों को तत्काल सुरक्षा और न्याय देने का प्रावधान है, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस का यह रवैया सीधे तौर पर मानवाधिकारों और बाल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। पीड़ित परिवार ने बाल संरक्षण आयोग से इस मामले का स्वतः संज्ञान लेने, आरोपी को जेल भेजने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का विमोचन व कवि सम्मेलन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। तत्सत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम व कवि सम्मेलन मुशायरा में जिले के युवा शायर, कवि, पत्रकार व समाजसेवी यासीन इब्ने उमर के हिंदी काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत का भव्य विमोचन किया गया। साईं गेस्ट हाउस तरीनपुर में आयोजित कार्यक्रम श्री .ष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस और एक न्यूज चैनल के सहयोग से संपन्न हुआ। अभय श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में चैनल के डायरेक्टर डॉ पंकज सिंह गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष हरगांव गफार खान, मानस मेला समिति अध्यक्ष विशंभर दयाल तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक व शायर मस्त हफीज रहमानी, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विजय अवस्थी, बार एसोसिएशन कोषाध्यक्ष शिवनाथ मिश्रा, जूही जयसवाल भाजपा महिला मोर्चा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पंकज सिंह गौड़ ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि अनिल द्विवेदी ने बरसों पहले जिस पौधे को लगाया था वह आज यासीन इब्ने उमर और अभय श्रीवास्तव आदि के रूप में पल्लवित



हो रहा है। जो समाज, शिक्षा, संस्ति, भाषा और साहित्य की सेवा कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यासीन इब्ने उमर के काव्य संग्रह पैगामे मोहब्बत द्वारा एक अच्छा संदेश लोगों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर अब्दुल गफार खान, मस्त हफीज रहमानी, विशंभर दयाल तिवारी, विजय अवस्थी, विश्राम सागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय प्रकाश पांडे कंठ ने वाणी वंदना से किया और मुजीब सीतापुरी ने नाते पाक पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मुजीब सीतापुरी ने की और संचालन तुषार मिश्रा व अभय श्रीवास्तव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मस्त हफीज रहमानी, डॉक्टर तनवीर इकबाल बिस्वानी, मंजर यासीन, नदीम सीतापुरी, एपी गौतम, मुजीब सीतापुरी, कार्तिकेय शुक्ला, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, तुषार मिश्रा, खुश्तर रहमानी, अमित कैथवर, अफजल युसूफ, सुमन मिश्रा, कमर खैराबादी, अख्तर मुजीबी, रामकिशोर श्रीवास्तव, अनामिका वैश्य आईना, विजय प्रकाश पांडे कंठ, रियाजुद्दीन रियाज, रौनक सीतापुरी, गीता किशोर श्रीवास्तव, रईस रहमानी, वसी खैराबादी, आलोक आदर्श, आयुष आयु आदि ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर प्रगति बाजपेई, सुरेंद्र सिंह, कान्हा बाजपेई, सरताज खान एडवोकेट, सिराज अहमद गौरी, चंदन वैश्य, मोहम्मद ओसामा अंसारी, मोहम्मद बिलाल अंसारी, मोहम्मद शाहनवाज, शहाब कमर, जाहिद अंसारी, मोहम्मद हसन, कारी मोहम्मद असद, एसके तूफानी, इरफान अहमद, दानिश कुरेशी, अनवर अली, मनीष मल्होत्रा, मोहित सिंह, अमन वर्मा, संतोष राव, मुत्तलिब, रेहान अंसारी, असद जुनैद, शहनवाज बेग, राकेश सक्सेना, हुसैन अंसारी आदि ने उपस्थित रहकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## चंद्रावल नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के थाना जसपुरा अंतर्गत ग्राम गौरी कला से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां चंद्रावल नदी में नहाते समय तीन मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में मातम का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह तीन बच्चे गांव के पास से बहने वाली



चंद्रावल नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण तीनों बच्चे नदी के तेज बहाव में समा गए। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शोर मचाए जाने पर मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल बल के साथ मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शवों को नदी से बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और अभिभावकों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को नदी–नालों के पास न जाने दें, ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## जनपद न्यायालय परिसर में लगा शिविर, 13 लोगों ने किया रक्तदान

### – न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर लिया भाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशों के अनुपालन में सोमवार को जनपद न्यायालय सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान तथा



जिला अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ–साथ समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। रक्तदान शिविर में कुल 13 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारी, न्यायालय के कर्मचारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज के अधिक से अधिक लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला अस्पताल की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस प्रकार के जनहितकारी आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित किए जाने पर बल दिया।

## कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष के निवास पर चला हस्ताक्षर अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह की प्रा.तिक धरोहर को बचाने हेतु हस्ताक्षर अभियान 8 जून से लेकर 15 जून तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम मोहल्ला शंकर नगर में कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी के निज निवास पर संपन्न हुआ। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि अंडमान और निकोबार आइलैंड्स पर या भारत के ग्रेट निकोबार में असल में क्या दांव पर लगा है। उसके पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है। लेदरबैक कछुओं से लेकर जो पूरे समुद्र पार करके गैलाथिया बे में घोंसला बनाते हैं, पक्षियों मछलियों और जंगली जानवरों तक जो धरती पर कहीं और नहीं मिलते, और उन शानदार कोरल रीलों तक जिन्हें पूरी तरह खत्म किया जा सकता है ये आइलैंड्स एक ऐसा इकोलॉजिकल खजाना हैं जैसा भारत में किसी और चीज में नहीं है। कैसे फॉरेस्ट राइट्स एक्ट को नजरअंदाज किया गया, और कैसे निकोबारी और शोम्पेन आदिवासी समुदायों को बहला–फुसलाकर वह जमीन हड़प ली गई जो उनके हक की है। यह एक ऐसा पॉडकास्ट है जिसे हर भारतीय को सुनना चाहिए। जितने ज्यादा लोग समझेंगे कि क्या नष्ट किया जा रहा है और यह कितनी चुपचाप किया जा रहा है। इस सरकार के लिए इससे बच निकलना उतना ही मुश्किल होता जाएगा। ट्राइबल कम्युनिटी, जिनकी जमीन फॉरेस्ट राइट्स एक्ट का उल्लंघन करके छीनी जा रही है। बसने वाले, जिनमें से कई पुराने सैनिक थे, जिन्हें इंडिया सरकार ने इन आइलैंड पर बसाया है, जिन्हें सही मुआवजा नहीं मिल रहा है। मोदी सरकार और ठश्रच आपको बताती है कि ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट डिफेंस के बारे में है। ऐसा नहीं है। आईएनएस बाज को बड़ा करें हम सरकार का पूरा साथ देंगे। नेवी पांच साल से इसे बड़ा करने की मांग कर रही है इसे नजरअंदाज किया गया है। वे आपको बताते हैं कि यह एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट के बारे में है। ऐसा नहीं है। इंडिया पहले से ही केरल में एक बना रहा है, जो मेनलैंड पर है। असल में यह क्या हैरू 1.5 करोड़



पेड़ काटे गए। कोरल रीफ को ऑफिशियल मैप से मिटा दिया गया। सैनिकों और ट्राइबल्स को हटा दिया गया। ताकि एक बिजनेसमैन इंडिया की सबसे जरूरी इकोलॉजिकल जमीन पर होटल और कसीनो बना सके। आप जानते हैं कि कोई भी मुनाफा उस चीज को बर्बाद करने के लायक नहीं है जिसे कभी वापस नहीं पाया जा सकता। इकोलॉजिकली बैलेंस्ड डेवलपमेंट का पक्ष होना चाहिए। ये आइलैंड दुनिया के अब तक के सबसे शानदार सस्टेनेबल डेस्टिनेशन बन सकते हैं। यही वह भारत है जिसके लिए लड़ना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कांग्रेस महासचिव शोएब रिजवी, जिला कांग्रेस कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, आरिफ निजामी, कमलेश कुमार कुशवाहा, उमाकांत पटेल, प्रेरणा द्विवेदी, तपस्या नैन्सी गुप्ता, लक्ष्मी धुरिया आदि प्रमुख कांग्रेस जनों सहित तमाम लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में पिटीशन साइन किया।

## चंदौर में भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के थाना बदौसा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदौर में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस पूरे मामले पर क्षेत्राधिकारी यातायात श्री सौरभ सिंह ने वीडियो बाइट जारी कर बताया कि थाना बदौसा के चंदौर गांव के पास सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हुई है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम मौके पर मौजूद है



और विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। कैसे हुआ हादसा, जांच जारी फिलहाल मृतकों की पहचान और हादसा किन वाहनों के बीच हुआ, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। सीओ सौरभ सिंह ने लोगों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और तेज रतार से बचें।

## परिवार परामर्श केंद्र की पहल से टूटने से बचे दो परिवार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस ने दो बिखरते परिवारों के बीच आपसी सुलह–समझौता कराकर उनके रिश्तों को नया जीवन दिया। परिवारों में संवाद स्थापित कर मतभेद दूर किए गए और दोनों



पक्षों की सहमति से समझौता कराया गया। महिला थाना स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों, काउंसलरों एवं परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। काफी देर तक चली काउंसलिंग और समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया। सुलह–समझौते के माध्यम से खुशी पत्नी सचिन निवासी थाना चित्राहाट, जनपद आगरा तथा सीनू पत्नी दीपक कुमार निवासी आजादनगर, थाना बकेवर, जनपद इटावा के पारिवारिक विवाद का समाधान कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने कहा कि छोटी–छोटी पारिवारिक समस्याओं को संवाद, धैर्य और आपसी विश्वास से सुलझाया जा सकता है। परिवार समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और उसे टूटने से बचाना सभी की जिम्मेदारी है।

## दस सूत्रीय मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

### - सेवकों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार



को ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा को सौंपा। रोजगार सेवकों ने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर वे आंदोलन तेज करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने कहा कि वे पिछले 17 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं विशेषकर मनरेगा सहित विभिन्न विकास कार्यों के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद आज भी वे संविदा व्यवस्था और अल्प मानदेय के सहारे जीवनयापन करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में प्रदेश के करीब 36 हजार ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, ग्राम पंचायतों में रिक्त सहायक सचिव अथवा ग्राम विकास सहायक के पदों पर समायोजित करने तथा वर्तमान 10 हजार रुपये मासिक मानदेय को बढ़ाकर श्रम विभाग के कुशल श्रमिकों के शासनादेश के अनुरूप 24 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा रोजगार सेवकों ने जॉब चार्ट में मनरेगा के अतिरिक्त अन्य सरकारी कार्यों को भी शामिल करने, 12 से 14 माह से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान करने तथा ईपीएफ, बोनस, चिकित्सा बीमा (हेल्थ कार्ड) सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ उपलब्ध कराने की मांग उठाई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2021 में रोजगार सेवकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मानव संसाधन नीति (एचआर पॉलिसी) लागू किए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक उसे प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मानदेय न मिलने और कम पारिश्रमिक के कारण कई रोजगार सेवक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। रोजगार सेवकों ने सरकार से शीघ्र उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निर्णय लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## मारपीट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना गिरवां पुलिस द्वारा मामूली विवाद में व्यक्ति को लाठी–डंडे से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल करने वाले




अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि नौ जून को थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम शिवहद के रहने वाले राकेश कुमार को खुरहण्ड के रहने वाले इन्दू उर्फ इन्द्रजीत ने मामूली विवाद में लाठी–डंडे से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया था जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गिरवां में अभियोग पंजी.त किया गया था। अभियुक्त की गिरतारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में सोमवार को थाना गिरवां पुलिस द्वारा अभियुक्त को खुरहंड रोड शिवहद से पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त इन्दू उर्फ इन्द्रजीत पुत्र सूरज मोहन निवासी खुरहण्ड थाना गिरवां में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली टीम में उ0नि0 गौरव मिश्रा, रि0कां0 गौरव यादव, रि0का0 दशरथ शामिल रहे।

## भीषण गर्मी व अवैध खनन के खिलाफ युवाओं का हल्ला बोल

### - डीएम को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन, प्रशासनिक आश्वासन के बाद आंदोलन जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद में लगातार बढ़ते तापमान, भीषण जलसंकट और हो रहे अंधाधुंध अवैध खनन के विरोध में आज जिले के जागरूक




युवाओं और नागरिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय के मुख्य द्वार पर जोरदार प्रदर्शन और धरना दिया। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए युवाओं ने बांदा के पर्यावरण को बचाने के लिए हुंकार भरी और शासन–प्रशासन के खिलाफ अपनी नाराजगी दर्ज कराई। आंदोलनकारी युवाओं ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित करते हुए एक 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बांदा के बिगड़ते पर्यावरण और जनसमस्याओं के समाधान हेतु निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी गई हैं। जिले के बढ़ते तापमान के कारणों के अध्ययन हेतु विशेषज्ञ समिति गठित हो जो नीति निर्माण और क्रियान्वयन करे। शिकायत निवारण समितिरू अवैध खनन और वृक्षों की कटाई की शिकायतों के लिए न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक सक्रिय और स्वतंत्र समिति का गठन हो। पर्यावरण संरक्षणरू वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर तत्काल रोक लगे और जनपद का हरित क्षेत्र मौजूदा 2 प्रतिशत से बढ़ाकर न्यूनतम 15 प्रतिशत किया जाए। केवल वृक्षारोपण ही नहीं, उनके प्रबंधन और प्रतिस्थापन दर पर जोर दिया जाए। खनन पर प्रभावी रोकरू केन नदी में अवैध खनन माफियाओं पर नकेल कसी जाए, पोकलैंड मशीनों द्वारा खनन बंद हो और भूजल स्तर व नदी की जैव विविधता को बचाया जाए। जल संरक्षणरू जलसंकट के समाधान के लिए तालाबों व नहरों से अतिक्रमण हटाकर उनका पुनरुद्धार किया जाए और सार्वजनिक इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो। पहाड़ों का संरक्षणरू गिरवाँ व नरैनी क्षेत्र में पहाड़ियों का खनन रोका जाए, जो गर्म हवाओं को अवरोधित करने का काम करती हैं। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे युवाओं ने कहा कि बांदा का तापमान एशिया में सबसे अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे किसान, मजदूर और आम जनमानस बुरी तरह प्रभावित है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं। जिलाधिकारी ने युवाओं की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम नहीं दिखते। आज के इस प्रदर्शन में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस मौके पर अभिषेक शुक्ला, विनय निगम, लव सिन्हा, शैलेंद्र कुमार वर्मा, अभय प्रताप सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, अंकित आंबेडकर, राजेश अवस्थी, राकेश बाजपेई, अमित सेठ भोलू, राहुल द्विवेदी, अभिषेक बाजपेई, गोमित तिवारी, रजत दुबे, यश त्रिवेदी, अतुल साहू, अवस्थी, आशीष अवस्थी, देवेंद्र अवस्थी, शिवा शुक्ला, अंकुर तिवारी, कुनाल श्रीवास, प्रदीप कुमार मिश्रा, पवन साहू, अखिलेश कुमार, संतोष कुमार द्विवेदी, रामशंकर राजपूत, अंशु निगम, शिवा निगम, अनिकेत गुप्ता, धीरज मिश्रा, अंकित वर्मा, योगराज सिंह, अनुपम अवस्थी, अजय दिवाकर, शुभम सिंह, सीमान्त खरे, अजीत पटेल, समीर कुरैशी, सीमा खान, सुनीता निगम, सुनील सक्सेना, सचिन चतुर्वेदी, सलमान खान, प्रदीप त्रिपाठी, भगत सिंह, आशीष पाठक, सूरज प्रजापति आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 18 व 19 को आडिटोरियम में आयोजित होगी कार्यशाला

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। उप .षि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के तहत सांसद व जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में प्रा.तिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपूरथला परिसर स्थित उत्थान ऑडिटोरियम में 18 व 19 जून 2026 को 02 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के प्रगतिशील .षकों को .षि वैज्ञानिकों एवं .षि अधिकारियों तथा प्रा.तिक खेती से जुड़े प्रगतिशील किसानों द्वारा प्रा.तिक खेती करने के तरीके बताए जाएंगे। साथ ही प्रा.तिक खेती में उपयोग होने वाले जीवामृत, वीजामृत, घनजीवामृत, नीमस्त्र बनाए जाने का लाइव डेमो दिखाया जाएगा। श्री वर्मा ने जिले के .षकों का आहवान किया है कि आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# बसरेहर से शुरू हुआ प्रदेश में नवीन टेक होम

## - राशन रेसिपियों का पहला वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित अनुपूरक पुष्टाहार योजना के अंतर्गत जनपद के बसरेहर विकास खंड से प्रदेश में पहली बार नवीन टेक होम राशन रेसिपियों के वितरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं पिछले 12 वर्षों में किए गए कार्यों का भी अवलोकन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी ने बताया कि नवीन रेसिपियों में आटा–बेसन हलवा, दलिया–मूंग–सोया खिचड़ी, ऊर्जा युक्त हलवा, ऊर्जा युक्त दलिया, आटा–सोया बर्फी तथा दलिया–मूंग दाल खिचड़ी शामिल हैं। इनका वितरण छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों, कुपोषित बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जाएगा। कार्यक्रम में कहा गया कि स्वस्थ जीवन ही स्वस्थ भारत की आधारशिला है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग का लक्ष्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को सुदृढ़ बनाना है। इसी उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने के साथ–साथ पोषक तत्वों से भरपूर टेक होम राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चित्रों, टीवी आधारित शिक्षण, स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ, आकर्षक बाल पेंटिंग, पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों तथा गर्म पका भोजन की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही जीएमडी उपकरणों से बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और साप्ताहिक वीएचएसएनडी सत्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा इन सुविधाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान आमजन से अपील की गई कि वे अपने बच्चों के बेहतर पोषण, शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से निकटवर्ती आंगनबाड़ी केंद्रों पर भेजें।



# बुजुर्गों को सहानुभूति नहीं, समानुभूति व ममता की जरूरत : डीएम

## - आगामी योग दिवस स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर होगा केंद्रित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विश्व वृद्ध जन जागरूकता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने आज बन्ना रोड, टूंडला स्थित आवासीय वृद्धाश्रम का औचक भ्रमण किया। यह स्थान जीवन के उस अंतिम पायदान की गवाही दे रहा था, जहां बुजुर्ग अपने अतीत का मंथन करने को मजबूर हैं कि जिन बच्चों के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया, आज उन्हीं बच्चों ने उन्हें अकेला और बेसहारा छोड़ दिया। आश्रम में रह रहे बुजुर्गों की आंखों में बस एक ही मौन सवाल तैर रहा था– हमारे जीवन में यह अकेलापन क्यों? उल्लेखनीय है कि इस आवासीय वृद्धाश्रम का संचालन वर्ष 2017 से ग्रामीण विकास सेवा संघश द्वारा किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में महिला और पुरुष मिलाकर कुल 47 वृद्धजन निवास कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान जब जिलाधिकारी बुजुर्गों के बीच पहुंचे, तो उन्हें अपने बीच पाकर वृद्धों का दर्द छलक पड़ा। बुजुर्गों ने जिलाधिकारी से कहा कि उन्हें किसी की सहानुभूति (दया) नहीं, बल्कि सहानुभूति (उनके दर्द को महसूस करना) चाहिए। भोजन मिलने में थोड़ी देरी होने पर कुछ बुजुर्गों द्वारा नाराजगी जताए जाने पर जिलाधिकारी ने स्टाफ को बेहद संवेदनशील सीख दी। जिलाधिकारी ने मुंशी प्रेमचंद के कालजयी विचारों का स्मरण कराते हुए कहा कि बुढ़ापा वास्तव में बचपन का ही पुनरागमन होता है, इसलिए आश्रम का स्टाफ या कोई भी व्यक्ति बुजुर्गों की किसी बात से चिढ़े (इरिटेट) नहीं। उनके साथ भावनात्मक सहयोग करें उनके मन और हृदय के साथ खुद को एकाकार करके सोचें कि उनके जीवन का यह अंतिम समय किस दौर से गुजर रहा है। बुजुर्गों के साथ ठीक वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए, जैसा एक मां अपने नासमझ बच्चे के साथ करती है। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार के योग दिवस की विशेष थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है। इसी के .ष्टिगत उन्होंने निर्देश दिए कि आश्रम के बुजुर्गों को उनकी शारीरिक क्षमता के अनुसार



नियमित रूप से योगाभ्यास कराया जाए, ताकि वे न सिर्फ शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें बल्कि मानसिक तनाव और अकेलेपन से भी मुक्त रह सकें। वीरपाल सिंह नामक एक वृद्ध ने रोते हुए जिलाधिकारी को बताया कि उनके बेटे की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन नाती–पोते उनकी कोई देखभाल नहीं करते थे, जिसके कारण मजबूरन उन्हें इस आश्रम की शरण लेनी पड़ी। उनकी आंखों का दर्द आधुनिक पीढ़ी की संवेदनहीन सोच को बयां कर रहा था। जिलाधिकारी ने इसके अलावा अमीर सिंह, शीला देवी और विजय बहादुर सहित अन्य बुजुर्गों से भी बात की और उनके दुखों को साझा किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आश्रम में रह रहे सभी 47 बुजुर्गों का नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप सुनिश्चित किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को कड़े निर्देश दिए गए कि वे समय–समय पर स्वयं आश्रम का दौरा करें और बुजुर्गों के सुख–दुख में सहभागी बनें। आश्रम प्रबंधन को जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए गए कि यहां व्यवस्थाओं में जो भी कमियां हैं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए और बुजुर्गों को किसी भी स्तर पर अकेलेपन का अहसास न होने दिया जाए। दौरे के अंत में जिलाधिकारी ने सभी वृद्धजनों को फल वितरित किए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बुजुर्गों को ढांढस बंधाया और भावुक होकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इनके साथ उपजिलाधिकारी टूंडला अनुराधा सिंह और समाज कल्याण अधिकारी राजमती भी उपस्थित रहीं।

# महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता पर पुलिस का विशेष अभियान

## – मेवाती मोहल्ला में लगी महिला जनचौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मेवाती मोहल्ला में महिला जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जनचौपाल में क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी



निरीक्षक कोतवाली, महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) प्रभारी, महिला शक्ति केंद्र की टीम तथा पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, महिला सहायता 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक करते हुए आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा सुरक्षित डिजिटल लेन–देन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं और साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय बताए गए। कार्यक्रम के समापन पर महिलाओं ने महिला शक्ति केंद्र की टीम से संवाद कर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। टीम ने शिकायतों के प्रभावी निस्तारण, सतत फॉलोअप तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पुलिस का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता और विश्वास को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार के जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# मुराई बाग कस्बे में बढ़ती जा रहीं चोरी की घटनाएं

## – टेंट व्यवसायी के यहां लाखों का जनरेटर चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। क्षेत्र के मुराई बाग कस्बे में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने एक टेंट व्यवसायी के यहां से लाखों रुपये कीमत का जनरेटर चोरी कर लिया, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार




डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के नाथखेड़ा निवासी राहुल यादव का राहुल टेंट हाउस संचालित है। बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने टेंट हाउस में रखा बड़ा जनरेटर चोरी कर लिया। सुबह जब व्यवसायी को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। चोरी हुए पच्चास केवी जनरेटर की कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित राहुल यादव ने डलमऊ कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी और चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुराई बाग और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। और जल्द ही चोरों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों की उपलब्धियां प्रभारी मंत्री ने गिनाई

## - कानून व्यवस्था, आधारभूत ढाचे व जनकल्याणकारी योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति का दावा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को




नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जनपद में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रेस वार्ता में बताया गया कि पिछले वर्षों में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, आधारभूत संरचना के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण एवं शहरी विकास, .षि, महिला एवं बाल कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। अपराध नियंत्रण के लिए व्यापक अभियान चलाए गए, माफिया और संगठित अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई तथा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष पहल की गई। साइबर अपराधों की रोकथाम, सीसीटीवी नेटवर्क के विस्तार और यूपी–112 की त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था को भी मजबूत किया गया। बताया गया कि जनपद में सड़क, पुल, पुलिस भवन, जेल, अग्निशमन केंद्र, स्वास्थ्य संस्थान तथा अन्य आधारभूत परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर कार्य कराए गए हैं। इसके साथ ही एक्सप्रेसवे, रेलवे और औद्योगिक परियोजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य भी प्रगति पर हैं जिससे जनपद के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलने की बात कही गई। ग्रामीण विकास, आवास, राजस्व, नगर विकास, पंचायती राज, स्वास्थ्य, शिक्षा, .षि, उद्यान, वन, पर्यटन, खेल, पशुपालन, महिला कल्याण, समाज कल्याण तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की उपलब्धियों का भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, स्मार्ट विद्यालयों, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाखों लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने का उल्लेख किया गया। कहा गया कि सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं का विस्तार, पारदर्शी प्रशासन, बेहतर कानून व्यवस्था और विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। जनपद में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियों का एसएसपी ने किया निरीक्षण

## – निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा के लिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक (डीवी/पीएसटी) भर्ती परीक्षा की तैयारियों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की लिखित परीक्षा में सफल कुल 134 अभ्यर्थी, जिनमें 56 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं, दस्तावेज सत्यापन (डीवी) एवं शारीरिक मानक परीक्षण (पीएसटी) की प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास, बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा सहायता, प्रतीक्षा स्थल, यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं अभ्यर्थियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चंद, क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय, क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल तथा क्षेत्राधिकारी जसवंतनगरध्लाइंस आयुषी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इटावा पुलिस द्वारा भर्ती परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# साइंस घर में अंश प्रताप के बाइक सेटी हेलमेट डिवाइस ने खींचा ध्यान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें पंद्रवे दिवस पर कक्षा 12 के छात्र अंश प्रताप ने अपने बाइक सेटी हेलमेट डिवाइस मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल के अंतर्गत हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं को समाप्त करना है अक्सर कई बार व्यक्ति मोटरसाइकिल से जाते वक्त हेलमेट नहीं पहनते जिससे जब उनके साथ कोई दुर्घटना होती है तो हेलमेट न पहनने के कारण उनकी जान चली जाती है। अतः इसी समस्या को बिंदु बनाकार इस मॉडल का निर्माण किया गया है कि जब तक कोई व्यक्ति हेलमेट नहीं पहनेंगा तब तक वह मोटर साइकिल को चालू नहीं कर सकता है। इस मॉडल के निर्माण से व्यक्ति हेलमेट पहनकर सुरक्षित रहेगा और उसके साथ किसी प्रकार की कोई बड़ी जान मान की हानि नहीं होगी। इस मॉडल को तैयार करने का उद्देश्य हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं को समाप्त करना है। अश्वनी कुमार जैन ने अंश प्रताप के बाइक सेटी



हेलमेट डिवाइस मॉडल के नवाचार मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आरोप : ब्लाक परिसर में सचिव के कमरों में लटक रहे ताले

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। विकास खंड कार्यालय में कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। सरकार द्वारा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और पंचायत स्तर पर ही अधिकांश कार्यों का निस्तारण करने के उद्देश्य से पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे



रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक से जुड़े कई सचिव अपने कार्यस्थल पर समय से नहीं पहुंचते हैं। डलमऊ ब्लॉक परिसर में कई सचिवों के कमरों पर ताले लटके मिले, जिससे अपने जरूरी कार्यों के लिए पहुंचे लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें बार–बार ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। डलमऊ ब्लॉक के अंतर्गत गुरूबख्श का पुरवा गांव निवासी रूबी ने बताया कि वह अपने आवश्यक कागजात बनवाने के लिए पिछले तीन–चार दिनों से लगातार ब्लॉक कार्यालय आ रही हैं, लेकिन संबंधित सचिव नहीं मिल रहे हैं। उनका कहना है कि जब भी वह कार्यालय पहुंचती हैं तो कमरे बंद मिलते हैं और कोई जिम्मेदार अधिकारी भी समस्या सुनने के लिए उपलब्ध नहीं रहता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की लापरवाही और मनमानी के चलते आम लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। लोगों ने उच्च अधिकारियों से ब्लॉक कार्यालय की कार्यप्रणाली की जांच कर कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत भवन और ब्लॉक कार्यालयों में कर्मचारी समय पर मौजूद रहें तो लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# लक्ष्मणपुरी फेघस्टिवल में बिखरेंगे संस्कृति के रंग, होगा विभूतियों का सम्मान

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, बदलाव रू एक कदम घशिक्षा की ओर और कला










कारवां के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणपुरी फेस्टिवल–2026 का आयोजन 18 जून 2026 दिन गुरुवार को लखनऊ के गोमतीनगर में घस्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह लखनऊ में शाम चार बजे से किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक महोत्सव लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला, साहित्य, लोक परंपराओं और सामाजिक सरोकारों को समर्पित है। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित साहित्यकार, कलाकार, शिक्षाविद, समाजसेवी, संस्कृति प्रेमी एवं कला विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। इस दौरान अलग–अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली चार विभूतियों को लक्ष्मणपुरी गौरव सम्मान और चार विभूतियों को रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा सम्मान से नवाजा जाएगा। लक्ष्मणपुरी फेस्टिवल के संयोजक सोमनाथ कश्यप ने बताया कि वरिष्ठ रंगकर्मी और अघभिनेता पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी को लक्ष्मणपुरी गौरव सम्मान और पद्मश्री विद्या विंदु सिंह को रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार श्याम कुमार, उद्यमी यावर अली शाह और रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर समाजसेवी प्रवीण कुमार घमित्तल को भी लक्ष्मणपुरी गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। रानी लक्ष्मीबाई प्रेरणा सम्मान से घशिक्षाविद रोमा बच्चानी, घशिघक्षिका डॉ. अनीता मिश्रा और अघभिनेत्री मनीषा मेहरा को नवाजा जाएगा। इस दौरान दोपहर दो बजे से 6 से 17 आयुवर्ग के बच्चों के लिए पेंटिंग व क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें राज्य ललित कला अकादमी की ओर से प्रघशिक्षक बच्चों को प्रघशिक्षण देंगे। सभी प्रतिभागी बच्चों को उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशघस्ति पत्र दिया जाएगा। संयोजक सोमनाथ कश्यप ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिघथि के रूप में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा विघशिष्ट अतिघ्धथि के रूप में भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष रतिशंकर त्रिपाठी, राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, केंद्रीय ललित कला अकादमी के सचिव देवेंद्र त्रिपाठी और बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष कुमुकुम धर के अलावा संगीत, साहित्य और संस्कृति से जुड़ी राजधानी की कई विभूतियां भी मौजूद रहेंगी।

# डिप्टी सीएम के हस्तक्षेप पर लेखपाल निलंबित

## – आईजीआरएस पर गलत रिपोर्ट लगाने में हुई कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर कथित रूप से गलत एवं भ्रमक आख्या रिपोर्ट लगाने के मामले में जयसिंहपुर तहसील के लेखपाल विपिन कुमार यादव को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपमुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई जांच के बाद की गई। ग्राम उघरपुर निवासी सुरेश



कुमार दुबे ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि भूमि विवाद प्रकरण में बिना पैमाइश और मौके की जांच किए गलत गाटा संख्या एवं दूसरे व्यक्ति के नाम से रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। जांच में आरोप प्रथम .ष्टया सही पाए गए। उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि आईजीआरएस पर गलत आख्या लगाने तथा फार्मर रजिस्ट्री कार्य में शिथिलता बरतने के कारण लेखपाल विपिन कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को भी भेज दी गई है।

# 17 जून को आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**– महिला जनसुनवाई में सुनेंगी पीड़िताओं की समस्याएं**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति 17 जून को जिले के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा करेंगी, महिला जनसुनवाई आयोजित करेंगी तथा जागरूकता चौपाल के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगी।



जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की सदस्य द्वारा जनपद में महिलाओं से संबंधित शिकायतों एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही पीड़ित एवं शिकायतकर्ता महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि महिला जनसुनवाई कार्यक्रम 17 जून को पूर्वाह्न 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (सर्किट हाउस) जीटी रोड में आयोजित होगा। जनपद की सभी पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाएं अपनी शिकायतों और समस्याओं के साथ उपस्थित होकर आयोग की सदस्या के समक्ष अपना पक्ष रख सकती हैं। जिला प्रशासन ने महिलाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं को सीधे महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उनके मामलों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# प्रधान मरियम बनीं गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की जिला उपाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और महिला अधिकारों की लड़ाई को लेकर सक्रिय संगठन गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने जनपद में संगठन का विस्तार करते हुए ग्राम प्रधान मरियम जहां को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। महिलाओं ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर गुलाबी गैंग के कारवां में शामिल होने का संकल्प लिया। मिटौरा विकास खंड के ग्राम करमचंद्रपुर सांडा में आयोजित संगठन विस्तार कार्यक्रम में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों और संगठन की महिला कार्यकर्ताओं ने उनका फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष सरला सिंह, सरिता देवी और संयोगिता वर्मा सहित संगठन की कई पदाधिकारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान करमचंद्रपुर सांडा की प्रधान एवं सक्रिय समाजसेविका मरियम जहाँ को उनके सामाजिक कार्यों और महिलाओं के हित में किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए संगठन का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष



हेमलता पटेल ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में हेमलता पटेल ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज की अधिक से अधिक महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि मरियम जहां जमीनी स्तर पर महिलाओं की समस्याओं को उठाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक महिलाओं को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन का लक्ष्य गांव–गांव तक पहुंचकर महिलाओं को संगठित करना और उन्हें हर प्रकार के शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मरियम जहां ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में कई महिलाओं को संगठन की सदस्यता भी दिलाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सरला सिंह, संयोगिता वर्मा, सरिता प्रजापति, शालू, निर्मला, शहरून, सुमन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व गुलाबी गैंग का संगम, महिला सशक्तिकरण को मिली ताकत

**– हेमलता पटेल ने डीएम को किया सम्मानित, महिला सुरक्षा व स्वावलंबन पर की चर्चा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से शिष्टाचार



मुलाकात की। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्.ष्ट प्रशासनिक कार्यों एवं जनहितकारी प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं से जुड़ी समस्याओं, उनके अधिकारों और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के संबंध में अपने विचार जिलाधिकारी के समक्ष रखे। जिलाधिकारी ने भी महिला उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। डीएम ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं। उन्होंने गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन महिलाओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने डीएम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद में महिला सुरक्षा, जनसुनवाई और विकास कार्यों को लेकर प्रशासन की सक्रियता सराहनीय है। इस अवसर पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की जिलाध्यक्ष सरला सिंह, उपाध्यक्ष मरियम जहां, संयोगिता वर्मा, सरिता प्रजापति सहित संगठन की अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

# सदाशिव इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का हुआ चुनाव

**– डॉ. दीपक अध्यक्ष व शीला गुप्ता बनीं प्रबंधक**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के रेल बाजार स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सदाशिव इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रबंध कार्यकारिणी समिति का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति से पूरी हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों का चयन किया गया। चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए विभागीय पर्यवेक्षक के रूप में अविनाश आनंद व निर्वाचन अधिकारी के रूप में मन्नालाल दीक्षित इंटर कॉलेज कोराई के पूर्व प्रधानाचार्य प्रभुदत्त दीक्षित मौजूद रहे। उनकी देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया



सकुशल संपन्न हुई। सर्वसम्मति से गठित नई कार्यकारिणी में डॉ. दीपक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, श्यामलाल वर्मा को उपाध्यक्ष, शीला गुप्ता को प्रबंधक, राजीव अग्रवाल को सहायक प्रबंधक, अम्बरीष शंकर द्विवेदी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में चंद्रभान गुप्त, किरन कुमार, महेंद्र कुमार गुप्त, शुभम गुप्ता, गीता गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता एवं गौतम राव को सर्वसम्मति से जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवराम ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल–मालाओं एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य शिवराम ने कहा कि नई प्रबंध समिति के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यालय विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समिति के सहयोग से छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा शैक्षणिक एवं सांस्.तिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी विद्यालय के सर्वांगीण विकास, आधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# मनुवादी पार्टियों का अंबेडकर प्रेम मात्र एक ढोंग : संदीप

**- बसपा की बकंधा में हुई बूथ स्तरीय बैठक**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के



निर्देशानुसार हो रहे बूथ गठन के दौरान बिंदकी विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 364 बकंधा में बूथ स्तरीय बैठक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप पहुंचे पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप जडेजा व विशिष्ट रूप में विधानसभा महासचिव छोटेलाल गौतम पहुंचे। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप जडेजा ने कहा कि मनुवादी पार्टियों द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब के प्रति जो प्रेम दिख रहा है हकीकत में ये उनका प्रेम नहीं ढोंग रचा जा रहा है यह उनकी चालबाजी और मौकापरस्ती है जो अब दलित शोषित समाज के जागरूक हो जाने पर सफल होने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने बद से बदतर हालात में रहने वाले लोगों के लिए जीवन भर काम किया। उन्हें पशुओं की जिंदगी से उबारने का बेमिसाल प्रयास किया। आज हमें उनके प्रयासों को आगे बढ़ाते रहना होगा। हमें चुपचाप नहीं बैठना है बल्कि बाबा साहब के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाना है। जब बाबा साहब अम्बेडकर ने वोट के अधिकार की बात अंग्रेजी हुकूमत के सामने रखी तब मनुवादियों में खलबली मच गई। मनुवादी चाहते थे वोट का अधिकार सिर्फ पढ़े लिखे लोगों व जमीन वालों तक सीमित रहे परन्तु बाबा साहब अम्बेडकर के जबरदस्त संघर्ष के इस दलित शोषित पिछड़े समाज के सभी लोगों को बहुमूल्य वोट का अधिकार दिलाया। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने वोट के अधिकार के जरिए राजा व रंक को गरीब व अमीर को एक समान कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे लोग मनुवादियों के बहकावे में आकर गुमराह हो जाते हैं। जब बहुजन समाज के लोगों ने उनके धन और कुर्सी के प्रलोभन को दुत्कारना शुरू कर दिया तब वह झूठा अम्बेडकर प्रेम दिखाकर हमारे वोटों को हथियाने की साजिश करने लगे है। अब बहुजन समाज को सावधान रहना होगा। छोटे लाल गौतम ने कहा कि आज बहुजन समाज पार्टी की बढ़ती हुई ताकत को देखकर मनुवादियों में घबराहट है अपने अधिकारों के लिए हमें संघर्ष जारी रखना होगा। इस मौके पर सेक्टर महासचिव विनोद मौर्य, सेक्टर सचिव जितेंद्र कुमार, मोतीलाल पासवान, बूथ अध्यक्ष रामकरण, सूरजबली, चंद्रकिशोर, रामकिशुन, रामदुलारी, अर्चना, रेशमा, शिवानी, चंद्रभान, सुशील आदि पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# सोमवती अमावस्या पर नौबस्ता गंगा घाट में उमड़ा आस्था का सैलाब

**– सुरक्षा व्यवस्था रही चाक–चौबंद, श्रद्धालुओं ने किया स्नान**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र स्थित नौबस्ता गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही आसपास के गांवों तथा



विभिन्न जनपदों से हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान, पूजा–अर्चना और दान–पुण्य के लिए घाट पहुंचते रहे। श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर परिवार की सुख–समृद्धि एवं देश की खुशहाली की कामना की। पूरे घाट क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। गंगा तट स्थित खाकी बाबा की कुटी पर पिछले एक माह से चल रहे मास मेले का भी सोमवती अमावस्या के दिन समापन हुआ। आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कुटी परिसर में दिन भर भजन–कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह स्वयं लगातार घाट क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। पुलिस बल के जवानों को घाट के विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था, जिससे स्नानार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पार्किंग, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई थी। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने खाकी बाबा कुटी में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर राजू त्रिवेदी, आदित्य प्रताप सिंह, अनुज प्रताप सिंह, अविनाश द्विवेदी मौजूद रहे।

# कताई मिल कर्मियों ने बकाया भुगतान की लगाई गुहार

**- वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के नेतृत्व में सीएम को भेजा ज्ञापन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की बंद पड़ी कताई मिल के कर्मचारियों ने अपने वर्षों से लंबित बकाया भुगतान एवं अन्य वित्तीय देयों के निस्तारण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें अब तक पूर्ण भुगतान नहीं मिल सका है, जिससे उनका जीवन–यापन प्रभावित हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश गिहार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि 54 हजार रुपये के भुगतान संबंधी शपथपत्र का उल्लेख केवल इसी धनराशि तक सीमित रखा गया है, जबकि अन्य देनदारियों के भुगतान को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि ईपीएफ की धनराशि भविष्य निधि कार्यालय में जमा न किए जाने के कारण उन्हें भुगतान प्राप्त नहीं हो पा रहा है। मिल कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 1995–96 में केवल एक बार बोनस का भुगतान किया गया था, जबकि उसके बाद के वर्षों का बोनस अभी तक नहीं दिया गया है। साथ ही शासनादेश के अनुसार 9.5 प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान किए जाने का प्रावधान होने के बावजूद उसे भुगतान में शामिल नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने मिल में 20 से 25 वर्षों तक सेवा दी है, लेकिन वर्तमान में उन्हें मात्र 800 से 900 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है, जो वृद्धावस्था में जीवन–यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। उनका कहना है कि इतनी कम राशि में परिवार का भरण–पोषण करना बेहद कठिन



हो गया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बकाया भुगतान, बोनस, ईपीएफ राशि तथा ब्याज सहित समस्त देयों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए। कर्मचारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान कर न्याय दिलाएगी। इस मौके पर मदन कुमार, रामखेलावन, विजय, प्रेमनारायण, बद्री विशाल, राम सवारे, रमेश, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क मिलेगी नैपियर घास की रूट स्लिप

**- पशुपालकों व किसानों से मांगे गए आवेदन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के पशुपालकों, किसानों, गौशालाओं एवं स्वयं सहायता समूहों के लिए अच्छी खबर है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश चारा विकास नीति के तहत वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना के अंतर्गत नैपियर घास की जड़ें (रूट स्लिप) नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के अंतर्गत जनपद को 10 लाभार्थियों तथा 2 हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके तहत पंजी.त गौशालाओं, गौआश्रय स्थलों, इच्छुक .षकों, पशुपालकों, गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ), एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूहों को हरा चारा उत्पादन के लिए नैपियर घास की रूट स्लिप नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर सिंचित भूमि उपलब्ध हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवारों तथा महिला मुखिया वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा नन्द बाबा दुग्ध मिशन एवं अन्य सहभागिता योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों, अस्थायी एवं वृहद गौआश्रय स्थलों का संचालन कर रही स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को प्रथम वर्ष में नैपियर घास की गांठें एवं जड़ें पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही नैपियर सीड बैंक तैयार करने के उद्देश्य से लाभार्थियों से सहमति पत्र लिया जाएगा, जिसके अनुसार आगामी वर्षों में उन्हें प्राप्त रूट स्लिप के सापेक्ष दोगुनी संख्या में नैपियर गांठें अथवा जड़ें विभाग को नि:शुल्क उपलब्ध करानी होंगी। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, खसरा–खतौनी तथा बैंक खाते का विवरण स्वप्रमाणित प्रति के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन संबंधित क्षेत्र के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अथवा पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक किसान एवं पशुपालक शीघ्र आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक–राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम ग्राम सिठौरा में टेबल फैन में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से 53 वर्षीय अधेड़ की मौके में पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सिठौरा गांव निवासी राजबहादुर सिंह का पुत्र देवशरण बीती रात लघुशंका करने के लिए उठा तभी टेबल फैन में आ रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके में पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृत अपने पीछे दो बच्चे व पत्नी कमला देवी को छोड़ गया है।

# खेत से घर आए किसान की हालत बिगड़ी, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईशापुर में खेत से घर आये 60 वर्षीय वृद्ध की अचानक हालत बिगड गयी और कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार ईशापुर गांव निवासी स्व0 हीरा लाल का पुत्र रामसनेही खेत से काम कर घर वापस लौटा और उसकी हालत बिगड गयी। जिससे कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक का भांजा बीरेन्द्र पटेल ने बताया कि उसके मामा खेत से काम करके घर आये और आते ही साथ नहाने के बाद कोल्ड ड्रिंक पी लिया। उसके बाद ही उनकी हालत बिगड गयी जब तक घर वाले कुछ समझ पाते मौके में पर ही मामा की मौत हो गयी।

# चार पहिया की टक्कर से दम्पति व बहन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सहिमापुर के समीप सोमवार की सुबह ओमघाट से स्नान करके आ रहे बाइक सवार दम्पति सहित तीन लोगों को पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गये। जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के रमवां गांव निवासी स्व0 रामआसरे का 40 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार वर्मा अपनी 35 वर्षीय रूबी देवी व बहन सुशीला पत्नी महेन्द्र 45 निवासी मुसाफा थाना बकेवर के साथ बाइक में सवार होकर ओमघाट स्नान करने गये थे। वापस लौटते समय जब यह लोग सहिमापुर के समीप पहुंचे तभी पीछे से तेज रतार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे पति पत्नी व बहन गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# शादी का झांसा देकर युवती से शोषण करने वाला गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के आरोप में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को थाना थरियांव पुलिस ने गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद भर में अपराधियों और वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थरियांव थाना पुलिस को यह सफलता मिली। मुकदमा अपराध संख्या 116/2026 में दर्ज मामले में आरोपी मनीष पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम लतीफपुर थाना थरियांव पर एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। घटना के बाद से आरोपी पुलिस की गिरत से बाहर था और उसकी तलाश की जा रही थी। सोमवार को थाना थरियांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना और सघन तलाश अभियान के दौरान आरोपी को गिरतार कर लिया। गिरतारी के बाद उसे थाने लाया गया, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को लेकर जनपद पुलिस पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई कर रही है और ऐसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। गिरतारी करने वाली टीम में हसवा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## – सकुशल बरामद हुई युवती, परिजनों को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपहृत युवती को पहले ही सकुशल बरामद कर लिया था, जबकि आरोपी को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा अपराध संख्या 250/2026, धारा 87/61(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अली हुसैन पुत्र अकरम निवासी चतुरी मुरई का पुरवा थाना कोतवाली को गिरतार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर शादी का झांसा देकर युवती का अपहरण करने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में उसे गिरतार कर सोमवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अपहृत युवती को 14 जून को सकुशल बरामद कर लिया गया था, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विजय बहादुर, कांस्टेबल आदित्य मौर्य, महिला कांस्टेबल ममता मिश्रा शामिल रहीं।

# डीएम ने गांधी पार्क से किया योग सप्ताह का शुभारंभ

## - योग से स्वस्थ फतेहपुर का लिया गया संकल्प

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ गांधी पार्क से किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर दीप प्रज्जवलित कर व महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर योग सप्ताह की शुरुआत की गई। 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग सप्ताह के प्रथम दिवस पर जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत योगः कर्मसु कौशलम योग केवल अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है के संदेश के साथ हुई। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए, जिनका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ एवं संतुलित



जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भारत की प्राचीन योग परंपरा आज पूरे विश्व में अपनाई जा रही है और 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वैष्विक स्तर पर उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य का आधार है तथा एक स्वस्थ शरीर, एक शांत मन योग का सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने जनपदवासियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय पांडेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए सहित अन्य जनपदीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया और योग को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। योग सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न स्थानों पर योग शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं सामूहिक योगाभ्यास आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद में विशेष योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# पात्र व्यक्तियों को योजनाओं के लाभ से न रखें वंचित : अजीत

## - गम्हरी की रात्रि चौपाल में पहुंचे प्रभारी मंत्री, सुनीं जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला




के तहत विकास खंड बहुआ की ग्राम पंचायत गम्हरी में रविवार रात भव्य रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में स्वास्थ्य, आईसीडीएस, .षि, उद्यान, शिक्षा एवं पशुपालन समेत विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान आईसीडीएस विभाग की ओर से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को स्वी.ति पत्र, मिनी किट बीज, चाबियां एवं अन्य योजनाओं से संबंधित सामग्री वितरित की गई। ग्रामीणों ने स्टॉलों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आवेदन प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। साथ ही ग्रामीणों को नियमित राशन उपलब्ध कराने और विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा।

# 17 वर्षों से सेवा दे रहे ग्राम रोजगार सेवकों ने उठाई मांगें

## - सीएम से नियमितीकरण की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के लगभग 36 हजार ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की है। संगठन का कहना है कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 17 वर्षों से मनरेगा सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें न तो स्थायी सेवा सुरक्षा प्राप्त है और न ही पर्याप्त मानदेय। एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चौहान के नेतृत्व में सौपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि ग्राम रोजगार सेवकों को सहायक सचिव अथवा ग्राम विकास सहायक के पद पर समायोजित करते हुए नियमित किया जाए। साथ ही न्यूनतम 24 हजार मासिक मानदेय, समय पर वेतन भुगतान, लंबित बकाया राशि का निस्तारण, ईपीएफ, स्वास्थ्य बीमा, चिकित्सा सुविधा, आकस्मिक एवं चिकित्सीय अवकाश, स्थानांतरण नीति तथा मृतक आश्रित को नौकरी देने की व्यवस्था लागू की जाए। संगठन ने यह भी मांग उठाई है कि ग्राम रोजगार सेवकों को विभागीय कर्मचारी घोषित कर उनके जॉब चार्ट में अन्य विकास कार्यों को शामिल किया जाए। बेहतर मॉनिटरिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एंड्रॉयड मोबाइल फोन एवं डाटा रिचार्ज उपलब्ध कराने, परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा कवच की व्यवस्था करने तथा ग्रामीण विकास योजनाओं में उनकी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने की मांग भी की गई है। एसोसिएशन का आरोप



है कि प्रदेश के कई जनपदों में रोजगार सेवकों का 12 से 14 माह का मानदेय बकाया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 1 जुलाई को विधानसभा घेराव समेत प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला महामंत्री राकेश देहाती, राकेश तिवारी, शिव प्रताप मौर्य, राजेश मौर्य, सज्जन वर्मा, महेन्द्र शुक्ला, शैलेन्द्र, अकरम खान, आशीष सिंह, लालू यादव, सोनवीर, राजिश तिवारी, जितेन्द्र पटेल, अजीत प्रताप भी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगा जनकल्याण शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ऐरायां ब्लॉक परिसर में जनकल्याण शिविर एवं विकसित संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री .ष्णा पासवान शामिल हुईं। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि बीते वर्षों में सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों ने भी सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अशोक सिंह, ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह, अविनाश द्विवेदी, विमलेश, अवधेश मिश्रा तथा अर्पण अग्रवाल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के संकल्प के साथ हुआ।

# डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के समीप सोमवार की सुबह डंपर की टक्कर से ई–रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के बकंधा गांव निवासी राजाराम 35 वर्षीय पुत्र सर्वेश ई–रिक्शा चालक है। सवारी छोड़ वापस आ रहा था। जब वह चौफेरवा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे डंपर ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल ई–रिक्शा चालक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# चलती बाइक से गिरकर महिला घायल, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के जोनिहा चौराहे के समीप अपनी पति के साथ बाइक पर सवार महिला चलती बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के मौहारी गांव निवासी राहुल सिंह अपनी 35 वर्षीय पत्नी पूर्णिमा देवी को बाइक पर सवार कर किसी काम से निकला था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र जोनिहा चौराहे पर पहुंची तभी चलती बाइक से उसकी पत्नी पूर्णिमा देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# पत्नी से झगड़ पति ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के गढा गांव मे दम्पति का आपस में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति ने पत्नी की बात से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गढ़ा गाँव निवासी अंगद कुमार के 21 वर्षीय पुत्र बलराज का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पत्नी की बात से क्षुब्ध होकर पति बलराज ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसके परिजनों को जानकारी हुई तुरन्त उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# ई-रिक्शा से उतर रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरकी गांव के समीप ई–रिक्शे से उतरते ही तेज रतार बाइक सवार ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से वृद्ध रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरकी गांव निवासी स्वर्गीय जगत नारायण तिवारी का 60 वर्षीय पुत्र विमल कुमार तिवारी कही किसी का से गया था। वहाँ से वापस आकर अपने गांव के समीप जैसे ही ई–रिक्शे से उतरा तभी तेज रतार बाइक सवार ने उसको जोरदार टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से वृद्ध विमल कुमार तिवारी रोड पर गिरकर गंभीर से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए। सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# गैर-इरादतन हत्या के प्रयास मामले में आठ दोषियों को 7-7 साल की सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। गैर–इरादतन हत्या के प्रयास समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में दर्ज मामले में न्यायालय ने आठ अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 7–7 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक पर 9500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कल्यानपुर थाने में वर्ष 2013 में दर्ज मुकदमा संख्या 81/13 में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 147, 323, 325, 504, 506, 308 एवं 149 भादवि के तहत मामला पंजी.त किया गया था। मामले की विवेचना पूरी कर आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। पुलिस महानिदेशक के निर्देश व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत इस मुकदमे की लगातार मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल तथा अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर माननीय न्यायालय एफटीसी–01 ने सभी आठ अभियुक्तों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने नीशू, कपूर, विनय कुमार, जयपाल, बाबूलाल, नीरज, अशोक कुमार और कौशल कुमार, सभी निवासी ग्राम बड़ौरी थाना कल्याणपुर को धारा 323, 325, 308 एवं 506 भादवि के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक अभियुक्त पर 9500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। महत्वपूर्ण सफलता में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अष्विनी वर्मा, कांस्टेबल रोहित राजावत, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, विवेचक चंद्रभान चौहान, पैरोकार सतेन्द्र सिंह, कोर्ट मुहर्रिर नेहा राय तथा एडीजीसी महेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस विभाग ने कहा कि अपराधियों को त्वरित और कठोर सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान आगे भी इसी तरह प्रभावी ढंग से जारी रहेगा, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )